

जबलपुर
बुधवार, 27 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष - 3
वर्ष : 20, अंक : 120
पृष्ठ: 14, मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





**कैबिनेट बैठक :** नगरपालिका व नगर परिषदों के अध्यक्षों के अविश्वास प्रस्ताव की धुंध अब लगभग साफ

# अविश्वास प्रस्ताव को रोकने सरकार लाएगी अध्यादेश प्रत्यक्ष पद्धति से अध्यक्षों का चुनाव कराने की तैयारी

एक दिन पहले भी नगरीय प्रशासन विभाग में देर रात तक अफसर इसकी तमाम धाराओं में संशोधन के प्रस्ताव पर मंथन करते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पिछले कई दिनों से जारी नगरपालिका व नगर परिषदों के अध्यक्षों के अविश्वास प्रस्ताव की धुंध अब लगभग साफ हो गई है। राज्य सरकार तीन या साढ़े चार साल में अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रस्ताव से सहमत नहीं है। मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में तय हुआ कि फौरी तौर पर इसे रोकने के लिए अध्यादेश लाया जाए। एक दिन पहले भी नगरीय प्रशासन विभाग में देर रात तक अफसर इसकी तमाम धाराओं में संशोधन के प्रस्ताव पर मंथन करते रहे।



### यह किया गया है प्रस्ताव तैयार

नगरीय प्रशासन विभाग ने साढ़े चार साल में अविश्वास प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया था। यह मुख्य सचिव के पास अभी भी विचाराधीन है। इसके बाद सरकार ने साफ किया कि अविश्वास प्रस्ताव का मसौदा परिवर्तित किया जाए। इसके बाद सोमवार को पूरे दिन भर रात के 11 बजे तक इस पर विभिन्न धाराओं में संशोधन का प्रस्ताव तैयार होता रहा।

### अध्यादेश लाने की मुख्य वजह यह भी

करीब डेढ़ साल पहले राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव कर नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की न्यूनतम अवधि दो साल से बढ़ाकर तीन साल कर दी थी। साथ ही यह प्रावधान भी किया गया था कि प्रस्ताव तभी लाया जा सकेगा।

**पटवारी बोले-** मप्र की महिलाएं पीती हैं सबसे ज्यादा शराब

## सीएम ने कहा- लाड़ली बहनों को शराबी बताकर घोर अपमान किया

» *खड़गे माफी मांगें व पटवारी को बर्खास्त करें*

» *हरतालिका तीज के दिन बहनों का अपमान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान से फिर सियासी पारा चढ़ गया है। पटवारी ने दावा किया कि देशभर में मप्र की महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। उनके बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और महिला नेत्रियों ने बयान की निंदा करते हुए महिलाओं का अपमान बताया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि




कांग्रेस ने प्रदेश की लाडली बहनों को शराबी बताकर उनका घोर अपमान किया है। जनता इस अपमान का हिसाब लेगी। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिलाओं पर टिप्पणी कर अपनी छोटी मानसिकता को दर्शाया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आज दूसरा ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव



**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में बुधवार को दूसरी ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव आयोजित होगी। होटल अंजुश्री में होने वाली इस कॉन्क्लेव में देशभर में मंदिरों के प्रमुखजन, बड़ी होटल चेन के मुखिया शामिल होंगे। इसमें स्पिरिचुअल क्षेत्र में होने वाले नवाचारों पर चर्चा होगी। मध्यप्रदेश सरकार का फोकस उज्जैन में निवेश लाना है।

### शाहरुख-दीपिका समेत 7 के खिलाफ केस



**नई दिल्ली।** अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण एक कार कंपनी का प्रचार कर के फंस गए हैं। इस मामले में राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले 50 साल के कीर्ति सिंह नाम के एक शख्स की शिकायत पर शाहरुख और दीपिका समेत करीब 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### प्रदेश में गणेश चतुर्थी पर रहेगा सामान्य अवकाश



**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने बुधवार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी को देखते हुए प्रदेश भर में सामान्य अवकाश घोषित कर दिया है। जिसके चलते प्रदेश में सरकारी छुट्टी रहेगी। जिससे सभी सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे और कोई कामकाज नहीं होगा। इधर भोपाल के लिए 4 लोकल हॉली-डे घोषित किए गए थे। इनमें 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी की छुट्टी भी शामिल है।

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत चल रही

# आज से भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ, प्रधानमंत्री कार्यालय में 'मंथन'

ट्रंप सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक आज (अमेरिकी समयानुसार सुबह 12:01 बजे/ भारतीय समयानुसार सुबह 9:31 बजे) से यह टैरिफ लागू हो जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर ट्रंप प्रशासन 27 अगस्त से 50 फीसदी का बेतुका आयात शुल्क लगाने जा रहा है। यह टैरिफ लागू हो जाएगा। अभी तक भारतीय निर्यात पर 25% अतिरिक्त शुल्क लागू था। रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर अमेरिका ने अतिरिक्त 25% पेनल्टी लगाई है, जिससे कुल शुल्क 50% हो जाएगा। इस टैरिफ से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर-आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका है।भारत से अमेरिका को कुल 86.5 अरब डॉलर का निर्यात होता है। इसमें से 60 अरब डॉलर से अधिक का सामान अब 50% ड्यूटी के दायरे में आएगा। इसमें वस्त्र, रत्न-आभूषण, झींगा, कालीन और फ़र्नीचर शामिल हैं। केवल फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्र शुल्क से बाहर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमओ में अमेरिकी टैरिफ पर लगभग 4 घंटे तक बड़ी बैठक की। यह बैठक शाम 4 बजे शुरू हुई और रात 8 बजे तक चली। पीएम मोदी के साथ बैठक इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे।

**भारत ने मुकाबले को कमर कसी**

अभी तक भारतीय निर्यात पर 25% अतिरिक्त शुल्क लागू था

**पीएम ने कहा**

दबाव कितना ही क्यों न हो, हम झेलने की ताकत बढ़ाते जाएंगे



### लेकिन, भारत दबाव में नहीं आएगा, स्वदेशी मंत्र अपनाएगा

- अमेरिका को भारत का निर्यात 43% घटकर 49 .6 अरब डॉलर रह सकता है
- उच्च टैरिफ़ से अमेरिका में भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धा से बाहर हो सकते हैं
- इस टैरिफ से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका

### क्या है निर्यातकों की चिंता?

बांग्लादेश,मेक्सिको, तुर्की, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों को फायदा

वस्त्र उद्योग- एईपीसी (अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि भारत के 10.3 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात पर सीधा असर होगा। बांग्लादेश, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों के मुकाबले भारतीय परिधान अब 30% तक महंगे पड़ेंगे। यह अंतर पाटना लगभग असंभव है। चमड़ा व जूता उद्योग- एक उद्योग प्रतिनिधि ने कहा कि कई कंपनियों को उत्पादन रोकना और कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ सकती है। रत्न और आभूषण- रत्न और आभूषण व्यवसाय से जुड़े एक एक निर्यातक ने कहा कि अमेरिका हमारा सबसे बड़ा बाजार है।

**सबकी नजर द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर**

जानकारों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत चल रही है, जिसका लक्ष्य मौजूदा 191 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। उद्योग जगत की नजर अब इसी समझौते पर टिकी है, लेकिन जब तक कोई राहत नहीं मिलती, तब तक रोजगार और निर्यात- दोनों पर गहरा दबाव बना रहेगा।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान

**छा सकता है लाखों रोज़गार पर संकट**

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान है कि इन टैरिफ के कारण 2026 में अमेरिका को भारत का निर्यात 43% घटकर 49.6 अरब डॉलर रह सकता है। संस्थान के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक यह रणनीतिक झटका है।

◆ संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर व्याख्यान श्रृंखला में बोले डॉ. भागवत



# भारत को दुनिया में योगदान देना है और अब वो समय आ गया है

*जब हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं तो उसका मतलब ये नहीं कि हम किसी को छोड़ रहे हैं, किसी का विरोध कर रहे*




हमारा स्वाभाविक धर्म समन्वय का, टकराव का नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने (शताब्दी वर्ष) पर आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ की सार्थकता भारत के विश्व गुरु बनने में है। भारत को दुनिया में योगदान देना है और अब वो समय आ गया है। उन्होंने हिंदू राष्ट्र का भी अर्थ बताया और कहा कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है।

जब हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं तो उसका मतलब ये नहीं कि हम किसी को छोड़ रहे हैं, किसी का विरोध कर रहे हैं, ऐसा नहीं है। दिल्ली में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में भागवत ने कहा कि हिंदू कौन है, वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है और अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है, वही हिंदू है। हमारा स्वाभाविक धर्म समन्वय का है, टकराव का नहीं है। भारत में पिछले 40 हजार वर्षों से रह रहे लोगों का डीएनए एक है। मिलजुलकर रहना हमारी संस्कृति है। हम एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानते। विविधता में भी एकता है। विविधता, एकता का ही परिणाम है।

### गुरुजी ने कहा था तो भी शाखा की जरूरत होती

डॉ. भागवत ने गुरु गोलवलकर का एक किस्सा बताते हुए कहा कि एक बार गुरुजी से किसी ने पूछा कि हमारे गांव में तो मुसलमान, ईसाई है ही नहीं, हमारे यहां शाखा का क्या काम? तो गुरुजी ने कहा कि गांव की तो छोड़ो अगर पूरी दुनिया में भी मुसलमान-ईसाई नहीं होते तो भी, अगर हिंदू समाज इस अवस्था में रहता तो संघ की शाखा की आवश्यकता थी।

### कांग्रेस ने तब भी व्यवस्था अपने वश में कर ली थी

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत दो बार की बड़ी गुलामियों को झेलकर आजाद हुआ है। 1857 के बाद भारतीय असंतोष ठीक से व्यक्त हो और वह नुकसान न करे, इसलिए कुछ व्यवस्था हो रही थी, लेकिन कुछ लोगों ने उसको अपने वश में कर लिया और उसे स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल कांग्रेस नाम से वह धारा चली है।

**कुछ लोग संघ के धुर विरोधी थे, वो भी आज समर्थक बने**

उन्होंने कहा कि देश में एक तीसरी धारा थी, जिन्होंने समाज से अपने मूल पर चलने को आह्वान किया. स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद इस धारा के प्रमुख नाम थे। संघ पूरे भारत में सबको संगठित करने का काम कर रहा है। कुछ लोग संघ के धुर विरोधी थे, वो भी आज समर्थक बन गए हैं।

वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा

## लैंडस्लाइड की वजह से 5 की मौत, 14 घायल



अर्धकुंवारी के पास हादसा यात्रा रोकी गई

**जम्मू।** जम्मू में भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को अचानक भूस्खलन हो गया। यह हादसा अर्धकुंवारी के पास हुआ, जहां हजारों श्रद्धालु हर रोज मां वैष्णो देवी के दरबार की ओर जाते हैं। जोरदार धमाके के साथ पहाड़ी से मलबा और बड़े पत्थर ट्रैक पर आ गिरे। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कटड़ा स्थित अस्पताल पहुंचाया गया।।

मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव दिल्ली पहुंचे

## कौन बनेगा नया मुख्य सचिव? सिर्फ संकेत, स्पष्ट कुछ भी नहीं



सेवानिवृत्ति में अब महज पांच दिन शेष

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की सेवानिवृत्ति में अब महज पांच दिन शेष हैं। उनके एक्सटेंशन को लेकर स्थिति कुछ भी साफ नहीं है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व मुख्य सचिव जैन नई दिल्ली चले गए। मुख्यमंत्री जबलपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे दिल्ली में कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सपत्नीक दिल्ली रवाना हुए।

**इंदौर में हनीट्रैपः** पब मालिक ने की खुदकुशी

## 25 लाख और आईफोन लिए फिर भी ब्लैकमेल करती रही



पुलिस को मिला पांच पन्नों का सुसाइड नोट

**इंदौर।** हनीट्रैप के शिकार होकर इंदौर के एक पब मालिक भूपेंद्र रघुवंशी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह उनका शव घर पर मिला। आत्महत्या के पीछे हनीट्रैप की बात सामने आ रही है। भूपेंद्र के पास से पांच पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें एक युवती का नाम लेकर लिखा है कि वह 25 लाख रुपए और आईफोन लेने के बाद भी ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देती थी।

12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन

## मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक राज्य बना

4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र देश में सब्जी उत्पादन की दृष्टि से तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। जबकि टमाटर के उत्पादन में मप्र देश में प्रथम स्थान पर आ गया है। प्रदेश में किसानों की ओर से 12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक उत्पादन टमाटर का है। मप्र टमाटर के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।प्रदेश में 2024-25 में एक लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर में टमाटर की खेती की



गई है। इसमें 36 लाख 94 हजार 702 मीट्रिक टन का उत्पादन संभावित है। पिछले 4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 21-22 में प्रदेश में 1,10,964 हेक्टेयर में किसानों ने टमाटर की खेती की।

### टमाटर के बीज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही

कुछ वर्षों से किसानों में टमाटर उत्पादन के प्रति आकर्षण बढ़ा है। राज्य सरकार भी टमाटर के बीज 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। टमाटर पर आधारित लघु उद्योगों की संख्या भी बड़ी है। पीएमएफएमई योजना से किसानों को फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाना आसान हुआ है। सब्जियों फसलों में टमाटर, धनिया और लहसुन के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

तीनों सेना प्रमुख ने बताई भविष्य की तैयारियां, सीडीएस ने किया संबोधित

महू आर्मी वार कॉलेज में 'रण संवाद-2025' की शुरुआत

## शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें भारत शांतिप्रिय देश पर शांतिवादी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना का 'रण संवाद-2025' कार्यक्रम मंगलवार से महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में शुरू हुआ। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई महत्वपूर्ण सबक सीखे।

इनमें से अधिकांश पर अमल चल रहा है और कुछ को लागू भी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन अब भी जारी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी महू पहुंचेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी करेंगे शिरकत



**गीता और महाभारत से युद्ध नीति की सीख**

सीडीएस ने कहा कि गीता और महाभारत युद्ध नीति के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त मौर्य को विजय दिलाई। कौटिल्य और चाणक्य ने शक्ति, उत्साह और युक्ति को युद्ध नीति का मूल तत्व बताया है। उन्होंने जोर दिया कि शस्त्र और शास्त्र दोनों का संतुलन आवश्यक है।

**वाइस एडमिरल बोले**

### तकनीक बनी निर्णायक कारक

नौसेना के वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि ड्रोन, आईएसआर, साइबर ऑपरेशन और सूचना युद्ध जैसे साधन यूक्रेन और गाजा संघर्ष में निर्णायक कारक रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल तकनीक को और अधिक एडवांस बनाने की जरूरत बताई। भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 'युद्ध को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों की पहचान' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने खासतौर से एआई और मशीन लर्निंग, साइबर, क्वांटम, अंतरिक्ष एवं प्रति-अंतरिक्ष तकनीक, निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) और हाइपरसोनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला।


पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF TOURISM
मध्यप्रदेश शासन
The heart of Incredible India
PHDCCI
PHDCCI Celebrating 120
आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक
विरासत को समृद्ध करता
मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
ग्लोबल
स्पिरिचुअल
टूरिज्म कॉन्क्लेव
रूह Mantic
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
विशिष्ट अतिथि
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय
27 अगस्त, 2025 । प्रात: 9:00 बजे । होटल अंजुश्री, उज्जैन, मध्यप्रदेश
"मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन विकास के
नये अध्याय की शुरुआत"
प्रमुख गतिविधियां
राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस । अधोसंरचना विकास, आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर चर्चा ।
आध्यात्मिक पर्यटन के आयामों पर संवाद
महत्वपूर्ण सत्र
मंदिर अर्थव्यवस्थाएं । महाकाल का मंडल । डिजिटल में दिव्य । पवित्र धुरी के संरक्षक
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11090/25

**2018-19 में 5590 करोड़ की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गई थीं**

# साढ़े 5 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले में फंसे आप नेता सौरभ भारद्वाज, ईडी ने 13 ठिकानों पर खंगाले 'दस्तावेज'

आप नेताओं ने कहा पीएम की डिग्री मामले से ध्यान हटाने के लिए पड़ा छापा

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा-इससे साफ कि मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने एक साल पहले आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। एसीबी ने बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सौरभ भारद्वाज के घर रेड हुई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं। वहीं आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि ये रेड 100 फीसदी फर्जी है सौरभ भारद्वाज के यहां ईडी की रेड क्यों पड़ी। दरअसल कल से पीएम मोदी की डिग्री को लेकर चर्चा हो रही है। ये कैसी यूनिवर्सिटी है जिसे गर्व ही नहीं है कि देश के पीएम उनके यहां से पढ़े हैं। ये रेड 100 परसेंट फर्जी है, क्योंकि जिस समय का ये मामला है, तब सौरभ मंत्री ही नहीं थे। वे उसके दो साल बाद मंत्री बने। ये हास्यास्पद है। आपके मंत्री बनने से दो-तीन साल पहले के मामलों पर आपके यहां रेड हो रही है। ये ऐसी बात हो गई, मानो कोलगेट स्कैम और 2जी स्कैम पर मोदी जी के घर रेड पड़ जाए।

### भाजपा नेता की शिकायत पर जांच हुई





*भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने 22 अगस्त 2024 को शिकायत के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल 25 जून को अस्पताल घोटाले की जांच को मंजूरी दे दी। गुप्ता ने शिकायत में तत्कालीन मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन पर मिलीभगत कर स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। हालांकि आप ने इन आरोपों से इनकार किया था। दोनों मंत्रियों पर 5,590 करोड़ की 24 अस्पताल परियोजनाओं में देरी का आरोप लगा। कहा गया कि इससे इन परियोजनाओं का खर्च बढ़ गया। इसके बाद दिल्ली विजिलेंस विभाग ने शिकायत की जांच की। इसके बाद एलजी के आदेश पर एंट्री करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज की। एसीबी ने जुलाई में यह मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया।*

### स्वास्थ्य मंत्रियों पर लगे गड़बड़ी और लापरवाही के आरोप

*आरोप है कि आप सरकार ने साल 2018-19 में 5590 करोड़ रुपए की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गई थी। इसमें बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई। 6800 के कुल बिस्तर क्षमता वाले 7 आईसीयू अस्पतालों को सितंबर 2021 से 6 महीने के भीतर पूर्व-इंजीनियर संरचनाओं का उपयोग कर निर्माण के लिए 1125 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 3 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी 800 करोड़ रुपए की लागत के साथ केवल 50% काम पूरा हुआ। लोकनायक अस्पताल न्यू ब्लॉक परियोजना के लिए 465.52 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 4 साल में 1125 करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई, जो लागत से करीब 3 गुनी है। पॉलीक्लिनिक्स परियोजना के लिए 168.52 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत हुई। इसमें 94 पॉलीक्लिनिक्स तैयार करना था, लेकिन 52 का निर्माण करने पर 220 करोड़ रुपए खर्च हुए।*

## खबर संक्षेप

### मेरी कुर्सी का सम्मान करें, जितना मैं करती हूं



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ताजा हमला बोलते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि उन्हें उनसे (मोदी से) कभी यह उम्मीद नहीं थी कि वे उनकी कुर्सी का अनादर करने के साथ पूरे प्रांत का अपमान करेंगे। बर्धमान शहर में एक कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के खजाने पर 'भारी बोझ' पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं।

### झांकी में मराठी भाषा को प्रदर्शित करने की मांग



**मुंबई।** मुंबई में गणेश मंडलों की समन्वय समिति ने अपील की है कि वे गणपति उत्सव को गैर-राजनीतिक रखें तथा उत्सव के दौरान मराठी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दें। महाराष्ट्र सरकार ने आज से शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है। समिति ने कहा, गणेशोत्सव एक भक्तिपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए इसे राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

## यूरोप और जापान समेत 100 देशों में होगी एसयूवी निर्यात

# पीएम ने पहली ईवी मारुति को दिखाई झंडी कहा- दुनिया में मेड इन इंडिया ईवी चलेगी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मारुति सुजुकी की ईवी यूनिट का उद्घाटन किया और इसे भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि अब भारत मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की ओर कदम बढ़ा रहा है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं और ये कि भारत सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जिसे और आगे बढ़ाना है. उन्होंने अगले सप्ताह अपनी जापान यात्रा का भी ऐलान किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि गणेश उत्सव के उल्लास में आज भारत-जापान दोस्ती को नया आयाम मिला है।

उन्होंने मारुति के सफर को टीन एज से जोड़ा और कहा कि जिस तरह युवाओं के टीन एज में सपनों की उड़ान होती है, वैसे ही अब मारुति सुजुकी ईवी स्पेस में नए पंख फैलाने जा रही है। गुजरात में कंपनी का यह नया चरण उत्साह और उमंग से भरा हुआ है। पीएम मोदी ने याद दिलाया कि वर्ष 2012 में जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित की गई थी। उनका विजन आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को मज़बूत करना था, जो आज साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की शक्ति है और प्रतिभा (टैलेंट) का बड़ा पुल है।

*कार फुल चार्ज करने पर 500 किमी से ज्यादा चलेगी*

*मारुति सुजुकी मेक इन इंडिया का ब्रांड एंबेसडर*

### पहले से ही जापान में बिक रहीं हैं गाड़ियां



*पीएम मोदी ने यह भी बताया कि सुजुकी द्वारा निर्मित गाड़ियां पहले से ही जापान में निर्यात हो रही हैं और अब ईवी एक्सपोर्ट की भी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी लगातार चार वर्षों से भारत की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर रही है और अब दर्जनों नई ईवी कारें विदेशों में चलेंगी, जिन पर लिखा होगा मेक इन इंडिया। पीएम मोदी ने मारुति सुजुकी को मेक इन इंडिया का ब्रांड एम्बेसडर करार देते हुए कहा कि कंपनी ने न सिर्फ घरेलू स्तर पर, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान को मजबूती दी है। उन्होंने इस अवसर को भारत-जापान दोस्ती और साझा प्रगति का प्रतीक बताया।*

### हम यहीं रुकने वाले नहीं

*पीएम मोदी ने कहा, हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं, सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं जिसे और आगे बढ़ाना है। ऑटो इंडस्ट्री के लिए उनकी दिक्कतों से सजग है। इसके लिए देश में अलग-अलग जगह पर क्रिटिकल मिनरल के लिए खोजी अभियान चलाया जाएगा। अगले सप्ताह मैं जापान जा रहा हूं। हमारा संस्कृतिक रिश्ता है। मारुति से शुरू हुई जर्नी अब बुलेट ट्रेन तक पहुंची है। गुजरात-जापान के रिश्तों की शुरुआत 20 साल पहले यहीं से शुरुआत हुई थी।*

### आम आदमी को भी फायदा

इससे आम आदमी को भी फायदा होगा. जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियां सस्ती होंगी, लोग इन्हें खरीद सकेंगे। कंपनी डोर-टू-डोर सर्विसिंग भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए आसान होगा। साथ ही, सरकार टैक्स में राहत और लोन की सुविधा दे रही है, जिससे ये गाड़ियां हर घर तक पहुंचें। इससे शहरों की हवा साफ होगी और ट्रैफिक में भी सुधार होगा। लेकिन ये सब तभी संभव है जब हम इस बदलाव को अपनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि ये ग्रीन मोबिलिटी का एक नया युग शुरू करेगा। हंसलपुर प्लांट अब सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि भारत की तरक्की का प्रतीक बन गया है। इससे नौजवानों को मौका मिलेगा।

**हंसलपुर प्लांट में 7,50,000 गाड़ियां बनाने की क्षमता**

मारुति ने शुरुआत में वित्त वर्ष 2026 में ई-विटारा की करीब 67,000 यूनिट्स बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन अप्रैल में चीन द्वारा लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों की वजह से रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी के चलते ये लक्ष्य प्रभावित हो गया। मारुति ने अपने हंसलपुर प्लांट में 21,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 7,50,000 यूनिट्स है।

## डीके ने संघ की प्रार्थना पर मांगी माफी

# गांधी परिवार मेरा भगवान, मैं भक्त आखिरी सांस तक रहूंगा 'कांग्रेसी'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना गाने को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को फिर से सफाई दी। उन्होंने कहा- मैं गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराना चाहता हूं। मैं कांग्रेस में पैदा हुआ और कांग्रेस में ही मरूंगा। पूरे देश में यह संदेश देना चाहता हूं कि मैं कांग्रेस के साथ पूरी तरह समर्पित हूं। गांधी परिवार मेरे लिए भगवान है और मैं उनका भक्त हूं। मेरा इरादा कभी भी संघ की तारीफ करने का नहीं था। भाजपा ने मुझे तिहाड़ जेल में डालकर परेशान किया था। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं।

दरअसल, डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की कुछ लाइनें गाई थीं। इसके बाद कांग्रेस से उनकी तनातनी की अटकलें तेज हो गई थीं। कहा जा रहा था कि वे कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शिवकुमार ने 22 अगस्त को मामले पर अपनी सफाई दी थी। उनसे विधानसभा के बाहर जब पूछा गया कि क्या विधानसभा में आरएसएस वंदना पढ़ना किसी तरह का संकेत था, तो उन्होंने कहा कि मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं। मेरा खून, मेरा जीवन, सब कुछ कांग्रेस में है। मैं पूरी ताकत से कांग्रेस का नेतृत्व करूंगा।

### शिवकुमार ने बहस के दौरान संघ प्रार्थना गाई थी

कर्नाटक विधानसभा में 21 अगस्त को चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ (4 जून) पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान विधानसभा में भाजपा विधायक आर. अशोक ने शिवकुमार की ओर इशारा करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार को आरसीबी भगदड़ की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस पर डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि उन्हें भाजपा की चालों के बारे में सब पता है। फिर उन्होंने भाजपा विधायक के साथ बहस के दौरान संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की 2 लाइनें गा दीं। इस दौरान कांग्रेस खेमे के साथ-साथ विपक्ष भी चौंक गया।

**मंदिर के पवित्र तालाब में ब्लॉगर ने पैर धोए**

# मंदिर प्रशासन ने शुद्धिकरण कराया, शिकायत दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर



केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायुर श्रीकृष्ण मंदिर के तालाब में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया है। मंदिर प्रशासन ने तालाब में गैर-हिंदू व्लॉगर जैस्मीन जाफर के पैर धोने वाला वीडियो आने के बाद फैसला लिया है। देवस्वोम के प्रशासक ओबी अरुण कुमार ने बताया कि मंदिर के तालाब में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है।

फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने नियमों का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। दरअसल, फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने 20 अगस्त को मंदिर के तालाब में पैर धोते हुए एक रील शूट की थी और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद मंदिर प्रशासन की ओर से भी उनके वीडियो बनाने का विरोध किया गया।

गैर-हिंदुओं को तालाब में जाने की परमिशन नहीं मंदिर के तालाब में गैर-हिंदुओं को जाने की परमिशन नहीं है। मंदिर के आस-पास के इलाकों में शादी-ब्याह से जुड़े समारोहों को छोड़कर वीडियो बनाने पर प्रतिबंध है। हाई कोर्ट ने मंदिर परिसर के आस-पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक लगाई है। गुरुवायुर देवस्वोम ने जैस्मीन के इस कृत्य को मंदिर की परंपराओं का उल्लंघन बताया है।

इस पूरे मामले को लेकर व्यवस्थापक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर ब्लॉगर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंदिर में सुबह 5 से 12 बजे तक भक्तों की एंट्री बैन रही कुमार ने बताया कि आज शुद्धिकरण के सभी अनुष्ठान किए जाएंगे। देवस्वोम ने मंदिर के तंत्री की सलाह पर यह फैसला लिया। इसलिए मंदिर के दर्शन सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। भक्तों को पुण्यकर्म (शुद्धिकरण अनुष्ठान) पूरा होने के बाद ही नालम्बलम में प्रवेश दिया जाएगा।

## रामभद्राचार्य पर भड़के शंकराचार्य

# कहा- दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा स्वामी प्रेमानंद को लेकर दिए गए बयान पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक मंच से नाम लिए बिना रामभद्राचार्य पर कटाक्ष किया है। साथ ही संत प्रेमानंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आपको दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा है। प्रेमानंद दिनभर संस्कृत ही बोलते रहते हैं। ज्योतिर्मठ नाम के इंस्टाग्राम आईडी ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का वीडियो शेयर किया। जिसमें वह कह रहे हैं, वो एक पीले कपड़े वाले महात्माजी है वृंदावन में प्रेमानंद जी, कह रहे हैं कि उनको एक अक्षर संस्कृत नहीं आती। उनको संस्कृत आने की जरूरत क्या है? वो तो भगवान के नाम का प्रचार कर रहे हैं और भगवान का नाम संस्कृत में ही हैं। भगवान का नाम किस भाषा में है बताएं आप? जो दिन भर राधे-राधे, कृष्ण-कृष्ण, हे गोविंद, हे गोपाल बोल रहे हैं और लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि नाम का स्मरण करो, हमें बताएं कि भगवान का नाम ये किस भाषा के शब्द हैं?

**जस्टिस विपुल पंचोली की नियुक्ति का मामला**

# सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के प्रस्ताव से सहमत नहीं थीं जस्टिस नागरत्ना

एजेंसी ▶▶ पटना



सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टि विपुन मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति की सिफारिश की है। इसको लेकर अब सामने आया है कि पंचोली की नियुक्ति का फैसला सर्वसम्मति से नहीं हुआ था। कॉलेजियम में शामिल जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने इस फैसले पर असहमति जताई थी।

बता दें कि कॉलेजियम के पांच जजों में से एक न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने न्यायमूर्ति पंचोली भी थीं। उन्होंने समग्र वरिष्ठता और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का हवाला देते हुए उनकी सिफारिश पर असहमति दर्ज की है। न्यायमूर्ति पंचोली वर्तमान में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची में 57वें स्थान पर हैं। कमेटी में सीजेआई जस्टिस बीआर गवई के अलावा, कॉलेजियम में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, जेके माहेश्वरी और नागरत्ना शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने चयन मानदंड के रूप में नियमित रूप से तीन कारकों को रेखांकित किया है, जिनमें उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों की अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त वरिष्ठता, प्रतिनिधित्व का सिद्धांत, तथा 'योग्यता और शामिल हैं। इससे पहले किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति की सिफारिश करने के लिए इन कारकों को संतुलित किया जाता रहा है। खासकर मुख्य न्यायाधीश बनने की संभावना वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति में उत्तराधिकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठता को दरकिनार कर दिया जाता है।

इस मामले में सूत्रों ने बताया कि जस्टिस नागरत्ना की चिंता गुजरात उच्च न्यायालय से एक और जज की सिफारिश को लेकर थी, जबकि उसी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया को सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त किए जाने के तीन महीने से भी कम समय बाद, यह सिफारिश की गई थी।

## वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) कार्यशाला का उद्घाटन गृह मंत्री ने किया

# शाह ने किया ऐलान: सीमावर्ती गांवों को बनाएंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम' (वीवीपी) कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम का लोगो भी लॉन्च किया। इस वर्कशॉप का आयोजन गृह मंत्रालय के बॉर्डर मैनेजमेंट डिवीजन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव, आईबी निदेशक, बॉर्डर प्रबंधन सचिव, सीमा राज्यों के मुख्य सचिव, सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशक और संबंधित जिलों के कलेक्टर शामिल हुए। अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम तीन मुख्य बिंदुओं पर आधारित है- सीमावर्ती गांवों से प्रवास रोकना और हर नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का 100% लाभ पहुंचाना तथा इन गांवों को राष्ट्रीय और सीमा सुरक्षा का मजबूत साधन बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश के अंतिम गांव को पहला गांव घोषित किया, तो दृष्टिकोण बदल गया। अब लक्ष्य यह है कि हर सीमावर्ती गांव में बुनियादी सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध हों ताकि लोग गांव छोड़कर न जाएं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले से कहा था कि जनसांख्यिकी बदलाव चिंता का विषय है। सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों को इसे गंभीरता से लेना होगा।

### रोजगार और पर्यटन से गांव होंगे आत्मनिर्भर




गृहमंत्री शाह ने कहा कि वीवीपी के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार सृजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टरों को गांवों में डेयरी सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि कैंप्स और सेना को दूध की आपूर्ति सीधे गांवों से हो। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी द्वारा दूध, अंडा, सब्जियां और अनाज की स्थानीय खरीद का सफल प्रयोग किया गया है। इसे अब हर सीमावर्ती गांव में लागू किया जाएगा। बोले- होमस्टे जैसी योजनाओं को बढ़ाकर पर्यटन को रोजगार का साधन बनाया जाए। यदि सरकार उचित बुकिंग सिस्टम विकसित करे, तो सीमावर्ती गांवों का कोई भी घर खाली नहीं रहेगा।

**गांवों में पूरी सुविधाएं होंगी**

गृहमंत्री ने कहा कि टेलीकॉम, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं हर सीमावर्ती गांव में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वीवीपी सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बने। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, गहन वनीकरण और स्थायी ढांचों के विकास जैसे कार्यों पर जोर दिया।

### अरुणाचल का अनुभव और भविष्य की दिशा

अमित शाह ने कहा कि वीवीपी लागू होने के बाद अरुणाचल प्रदेश के कई गांवों की जनसंख्या बढ़ी है, जो सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति अन्य सीमावर्ती गांवों में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि युवा प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद लोग अपने गांव न छोड़ें और वहां की आबादी लगातार बढ़े।

## कोर्ट से मराठा कार्यकर्ता को झटका

# मनोज जरांगे पूर्व अनुमति के बिना प्रदर्शन नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों से पूर्व अनुमति लिए बिना मराठा आरक्षण की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी मराठा कार्यकर्ता के मुंबई कूच के कार्यक्रम के एक दिन पहले की। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ओएसडी ने मंगलवार को जालना में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से मुलाकात की थी और उनसे गणपति उत्सव के मद्देनजर शुक्रवार से मुंबई में प्रस्तावित अपने आंदोलन को स्थगित करने का आग्रह किया था। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को मंगलवार तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने या प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करने की चेतावनी दी है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। इसके लिए उन्होंने गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला दिया।




राजनाथ सिंह ने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे

### समंदर के नए शूरवीर, आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

# रक्षा मंत्री बोले- आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समंदर के नए शूरवीर आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ रक्षा निर्माण में सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

*युद्धपोतों का निर्माण 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया*

*हिंद महासागर में समुद्री हितों की रक्षा में और मजबूत हुआ भारत*



**आईएनएस तमाल अंतिम विदेशी ऑर्डर**

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है। इन युद्धपोतों के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना ने एक शताब्दी पूरी कर ली है।*

**दोनों युद्धपोत में कई उन्नत क्षमताएं**

दोनों पोज का वजन लगभग 6,700 टन, सी किंग हेलिकॉप्टर ले जाने में सक्षम, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से लैस, जो समुद्र और जमीन दोनों लक्ष्यों पर 290+ किमी की दूरी से हमला करने में सक्षम हैं। अंतिम चरण में आने वाली मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की क्षमता के लिए 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन सिस्टम, टारपीडो लॉन्चर, सोनार सिस्टम से लैस है, गहरे पानी में पनडुब्बी का पता लगाने में भी सक्षम है। डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों से संचालित हैं। युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

**नीलगिरि क्लास में 7 युद्धपोत तैयार होंगे**

*भारत में नीलगिरि-क्लास की स्टेल्थ फ्रिगेट्स को कोड के तौर पर प्रोजेक्ट 17-एल्फा (प्रोजेक्ट-17ए) का नाम भी दिया गया है। यह नौसेना के प्रोजेक्ट-17 फ्रिगेट यानी शिवालिक क्लास के अगले चरण के तौर पर देखा जाता है। शिवालिक क्लास के युद्धपोत अभी भी नौसेना में सक्रिया भूमिका में हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत कुल सात युद्धपोत का निर्माण होना है और आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि उसका ही हिस्सा हैं। इस साल जनवरी में आईएनएस नीलगिरि नाम के युद्धपोत को नौसेना में शामिल किया गया। नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत प्रोजेक्ट के तहत सात में से चार पोत- नीलगिरि, उदयगिरि, तारागिरी और महेंद्रगिरी का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड की ओर से किया जाना तय हुआ।*

---

**खबर संक्षेप**

### पाक में बाढ़ से डूबे कई गांव, नहीं मिली मदद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में ग्लेशियर और फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई है। हजारों लोग अब भी पानी, बिजली और दवाइयों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्लेशियर टूटने और मलबा बहने से सड़कें, खेत और घर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। करीब 300 घर बाढ़ की चपेट में आकर झील में समा गए हैं।

### 4 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**कोच्चि।** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को त्रिशूर के एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक हाइब्रिड गांजा बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह व्यक्ति (27) बैंकॉक से यहां पहुंचा था। उसके बैग से हाइब्रिड गांजे के चार पैकेट मिले। इन्हें सीलबंद पैकेटों में भरा गया था ताकि गंध बाहर तक न आए। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को मिली जमानत



**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मंगलवार को जमानत दे दी। वह इस मामले में हिरासत में थे। विक्रमसिंघे ने कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल की आईसीयू से डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लिया। यह सुनवाई 'कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट' निलुपुली लंकापुरा की अध्यक्षता में हुई।

---

### जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल तक भारी बारिश से मची तबाही

**भूस्खलन से सड़कें बंद**

# डोडा में बादल फटा, 3 की मौत कई घर तबाह, बचाव कार्य जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/ शिमला

*जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है*

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और में बादल फटने से भारी तबाही मची है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

जम्मू कश्मीर में भारी बारिश की वजह से फिलहाल मोबाइल और फाइबर नेटवर्क ठप हो गया है। जम्मू संभाग के सभी स्कूल आज बंद रहेंगे। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा कि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। खासकर चिनाब नदी के इलाकों में दो जगहों से बादल फटने की खबरें आई हैं। बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया। हमारी टीम उसे बहाल करने में जुटी है।

- बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया
- मोबाइल और फाइबर नेटवर्क पूरी तरह ठप



**18 ट्रेनें रद्द**

*नॉर्थ रेलवे ने मंगलवार को कटरा, उधमपुर और जम्मू रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, चक्की नदी पर भारी मिट्टी के कटाव और अचानक आई बाढ़ के कारण पठानकोट से हिमाचल प्रदेश के कंदरोरी तक ट्रेन सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर, मांडा और चक रखवाल में चार ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। उन्होंने कहा कि कटरा-श्रीनगर रूट पर ट्रेनों की आवाजाही जारी है।*



**तवी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही**

*उधमपुर में तवी नदी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भगवती नगर में तवी नदी पर पुल का एक हिस्सा बह गया। इसका पानी जम्मू शहर तक पहुंच सकता है। एहतियात के तौर पर बिक्रम चौक, जम्मू से मुख्य तवी पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

**यातायात निलंबित**

कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई इमारतें ढह गई और नेशनल हाईवे से संपर्क टूट गया।

### पंजाब के पठानकोट में बांध टूटा

पहाड़ों और पंजाब में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भाखड़ा, पौंग, रणजीत सागर डैम से हजारों क्यूसेक पानी रोजाना सतलुज, ब्यास और रावी में छोड़ा जा रहा है। जिससे आठ जिलों पठानकोट, कपूरथला, मोगा, तरनतारन, फाजिल्का, फिरोजपुर, अमृतसर और होशियारपुर में हालात खराब होते जा रहे हैं। मंगलवार सुबह छह बजे पठानकोट बॉर्डर क्षेत्र के गांव पम्मा में रावी दरिया का जलस्तर बढ़ जाने से धुस्सी बांध टूट गया है। जिसके चलते करीब 10 गांव डूब गए है। चार हजार के करीब आबादी प्रभावित हुई है।

### लद्दाख: वाहन नदी में गिरा, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने 2 को बचाया

*केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर बताया कि लद्दाख में द्रास पहुंचने से पहले हमारे काफिले के ठीक आगे एक वाहन नदी में गिर गया। गनीमत रही कि हम समय पर पहुंच गए और दोनों व्यक्ति बच गए।*

**पिकअप वैन नदी में गिरी**





*मंगलवार तड़के कुल्लू जिले के मनाली में ब्यास नदी की तेज धाराओं ने एक बहुमंजिला होटल और चार दुकानों को बहा दिया। उनके अनुसार, नदी के उफान पर होने से पानी मनाली के आलू मैदान में घुस गया और मनाली-लेह राजमार्ग कई जगहों पर अवरुद्ध हो गया। एक पिकवेन नदी में जा गिरी।*

**30 अगस्त तक बंद रहेंगे पंजाब के सभी स्कूल**

*पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण राज्य के सभी स्कूल 27-30 अगस्त तक बंद रहेंगे।*

**मनाली-लेह नेशनल हाईवे धंसा**

*मनाली में ब्यास नदी जलस्तर इतना बढ़ गया कि पानी मनाली के मैदानी इलाकों में घुस गया, जिससे मनाली-लेह नेशनल हाईवे धंस गया।*

---

### ट्रंप की धमकियों का जवाब देगी तिकड़ी

## पुतिन और मोदी संग एकजुट होंगे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं।

**अमेरिकी नेतृत्व कमजोर हो रहा**

यह सम्मेलन दुनिया को यह संदेश देगा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था अब कमजोर हो रही है और बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से आकार ले रही है। यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के लिए भी अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद और तनाव रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन के जरिए चीन के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि इस बैठक में दोनों देश सैनिकों की वापसी और व्यापार व वीजा पाबंदियों में ढील जैसे ऐलान कर सकते हैं। यह कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने में मदद करेगा।

**एससीओ में 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देश**

शंघाई सहयोग संगठन आज 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। यह संगठन अमेरिका की नीतियों के खिलाफ सामूहिक हितों को सामने लाने का अहम मंच बन चुका है। इस साल का शिखर सम्मेलन 2001 में एससीओ की स्थापना के बाद अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने इसे नए प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण ताकत बताया। यह न केवल क्षेत्रीय सहयोग को मजबूती देगा बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी संयुक्त प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### प्रतिबंध प्रावधान लागू होने से पहले

## ईरान और यूरोपीय देशों के बीच अंतिम दौर की परमाणु वार्ता शुरू

एजेंसी ▶▶ वियना



ई3 देश कहलाने वाले ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिनेवा में ईरानी अधिकारियों के साथ अंतिम समय में परमाणु वार्ता की।

यह बैठक उस समय हुई जब यूरोपीय देशों द्वारा ईरान पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है। यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'स्नैपबैक' प्रावधान के तहत की जा सकती है। इससे पहले 25 जुलाई को इस्तांबुल में यूरोपीय और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच एक दौर की बातचीत हो चुकी है।

ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग समाप्त करने और जून में ईरान-इज़राइल युद्ध के दौरान उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद यूरोपीय देशों की चिंताएं और भी बढ़ गई हैं।

---

### एआई की लड़ाई अब कोर्ट पहुंची

## एलन मस्क की एक्सएआई ने एपल और ओपनएआई पर ठोका मुकदमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




अरबपति उद्यमी एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी एक्सएआई ने अमेरिका की टेक्सास फेडरल कोर्ट में एपल और चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई पर मुकदमा दायर किया है।

आरोप है कि दोनों कंपनियां मिलकर एआई बाजार में अपना वर्चस्व बनाए रखने और नए खिलाड़ियों को रोकने की कोशिश कर रही हैं। मुकदमे में कहा गया है कि एपल और ओपनएआई ने बाजार को लॉक कर दिया है ताकि एक्स और एक्सएआई जैसी कंपनियां प्रतिस्पर्धा न कर सकें।

दरअसल, एपल ने ओपनएआई के साथ साझेदारी कर अपने आईफोन, आईपैड और मैक डिवाइस में चैटजीपीटी को इंटीग्रेट कर दिया है।

**मस्क ने अरबों डॉलर का मुआवजा मांगा**

*एक्सएआई का दावा है कि अगर यह विशेष समझौता न होता तो एपल को एक्स और उसके ग्रोक एप को एपस्टोर पर ज्यादा प्रमुखता से दिखाने से रोकने का कोई कारण नहीं था। कंपनी ने अरबों डॉलर का मुआवजा मांगा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ओपनएआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला एलन मस्क की लगातार उत्पीड़न की रणनीति का हिस्सा है।*

**चैटजीपीटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला एआई चैटबॉट**

*बता दें, चैटजीपीटी ने लॉन्च के कुछ महीनों में ही इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर एप बनने का रिकॉर्ड बनाया था। मस्क की एक्सएआई ने इसी साल मार्च में एक्स को 33 अरब डॉलर में खरीदा था ताकि अपने चैटबॉट ट्रेनिंग को बेहतर बना सके। उन्होंने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड टेसला में भी ग्रोक चैटबॉट को इंटीग्रेट किया है। मस्क की कंपनी एक्सएआई की शुरुआत दो साल से भी कम समय पहले हुई थी और यह माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई और चीनी स्टार्टअप डीपसीक जैसी कंपनियों से मुकाबला कर रही है।*

---

## यूनुस बोले- बांग्लादेश में रोहिंग्याओं को पालना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं। यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे।

---

### एससीओ घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा पर सहमति बनाने की कोशिश

## पीएम मोदी एससीओ में लेंगे भाग, कई देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*29, 30 अगस्त को भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेंगे*

पीएम नरेंद्र मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे। इस शिखर सम्मेलन से इतर पीएम के कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। पीएम मोदी की जापान और चीन यात्रा से पहले एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग परिषद (एससीओ) प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे।

**31 अगस्त और 1 सिंतबर को चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे**

**4 दिनों में जापान और चीन का दौरा करेंगे पीएम मोदी**

**आतंकवाद पर करेंगे चर्चा**



तन्मय लाल ने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए कार्यक्रम शेड्यूल जारी करते हुए कहा कि इसमें 31 अगस्त की शाम को एक स्वागत डिनर शामिल है। 1 सितंबर को मुख्य शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। तन्मय लाल ने कहा कि इसके अलावा, पीएम द्वारा एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है।

**28 अगस्त की शाम जापान रवाना होंगे**

*विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पीएम मोदी की जापान यात्रा के बारे में बताया कि पीएम मोदी 28 अगस्त की शाम को जापान की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। वह जापान के पीएम शिगेरू इशिबा के साथ 15वीं भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक आयोजित करने के लिए 29 और 30 अगस्त को जापान में होंगे।*

**एससीओ में 10 देश शामिल**

बता दें, एससीओ में 10 सदस्य देश शामिल हैं। इनमें भारत के अलावा बेलारूस, चीन, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। अनेक देश संवाद भागीदार और पर्यवेक्षक भी हैं। भारत 2017 से एससीओ का सदस्य है, जबकि इससे पहले 2005 से इसका पर्यवेक्षक था।

## जबलपुर में पटवारी के बयान पर बोले मुख्यमंत्री डॉ. यादव
# बहनों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

**जबलपुर।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां कहा कि मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान शर्मनाक है। मुख्यमंत्री



ने कहा कि बहनों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जबलपुर में अल्पप्रवास में आए मुख्यमंत्री पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री पटवारी ने महिलाओं पर जिस तरह का बयान दिया है उससे बहनों का अपमान हुआ हैं, भाजपा इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, भाजपा ने नराजगी जताते हुए मांग की है कि जीतू पटवारी बहनों से माफी मांगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भी जीतू पटवारी के शराब को लेकर दिए गए बयान पर नाराजगी जताई है। जबलपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनका यह बयान बहुत निंदनीय है। लाडली बहनों के लिए इस तरह की टिप्पणी करना कांग्रेस के नेताओं को शोभा नहीं देता है। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जिन बहनों का देश भर में सम्मान किया जाता है। उनके लिए इस तरह का अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना शायद कांग्रेस के नेता ही कर सकते है।

### महिला मोर्चा ने पुतला दहन किया



भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मालवीय चौक पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुपा राव ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिलाओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की है जिसके लिए पुतला दहन किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की महिलाएं उपस्थित रही।





# वोट चोरी की सरकारों से लोकतंत्र खतरे में

## जबलपुर में वोट न्याय यात्रा में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी

**जबलपुर।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव आयोग गुलाम बन गया है। वोट चोरी कर सरकार बनाई जा रही है। देश भर में हमारे नेता राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान को बचाने, वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे है। इसी सिलसिले में जबलपुर में वोट न्याय यात्रा निकाली जा रही है। श्री पटवारी वोट न्याय यात्रा के पूर्व गोलबाजार में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे खूबसूरत लोकतंत्र हमें देश की आजाद के बाद उस वक्त मिला जब बाबा साहेब अंबेडकर ने देश का संविधान बनाया। हमारे लोकतंत्र को दुनिया का सबसे अच्छा लोकतंत्र माना जाता हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज सत्ता में बैठे लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जिस देश में एक वोट से सरकार चली जाती है उस देश में वोट चोरी करके सरकार बनाई जाए तो फिर लोकतंत्र बचेगा कहा। श्री पटवारी ने कहा कि चुनाव आयोग की पारदर्शिता और निष्पक्षता सवालों के घेरे में है। चुनाव आयोग पिजड़े के तोते की तरह काम कर रहा है। पहले देश में वोट चोरी कर सरकार बनाई गई, बाद में राज्यों में भी यह हथकंडा अपनाया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष कर रहे है और लोकतंत्र को बचाने वोट न्याय यात्रा निकाल रहे है। मप्र में जबलपुर में इसकी शुरुआत हो चुकी है और अब पूरे प्रदेश में इस तरह की यात्रा निकाली जाएगी। इसके पूर्व श्री पटवारी का दोपहर ढाई बजे के लगभग सड़क मार्ग से जबलपुर आगमन हुआ, वे सीधे गोलबाजार पहुंचे और यहां एक सभा को संबोधित करने के बाद वोट न्याय यात्रा का नेतृत्व किया। यह यात्रा पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

पद यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, आलोक मिश्रा ,चिंटू चौकसे, राजेश पटेल,अमरीश मिश्रा, रूपेंद्र पटेल, राजेश तिवारी, सतीश उपाध्याय , कौशल्या गोटिया, सुखदेव यादव ,रमेश चौधरी, बाबू शंकर सोनकर, अजय अग्रवाल ,राजेंद्र यादव, वीरेंद्र चौबे, सुहेल सिद्दीकी, कदीर सोनी, भूरे पहलवान, चतुर सिंह लोधी, परमलाल, टीकाराम कोष्टा, आदि शामिल थे।



# मुख्यमंत्री से मिले अभियंता संघ प्रतिनिधि, सौंपा मांगपत्र

## ऊर्जा क्षेत्र के उत्थान और अभियंताओं की हितों की रखी बात

**हरिभूमि,जबलपुर।** मुख्यमंत्री अभिनंदन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ के पदाधिकारी जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर और इंदौर से पहुंचे। इस अवसर पर संघ ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया और विद्युत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर मांग एवं सुझाव पत्र सौंपा।

संघ की प्रमुख मांगों में ऊर्जा क्षेत्र के अलाउंस बढ़ाने, कंपनी कर्मचारियों को बिजली छूट देने, O-3 स्टार व्यवस्था को समाप्त करने, बोर्ड कर्मियों की पेंशन गारंटी, कंपनी कर्मियों के लिए अलग ग्रेच्युटी खाता खोलने जैसी बातें शामिल रहीं। साथ ही यह भी कहा गया कि लाभ अर्जित कंपनियों के मुनाफे में कर्मचारियों को भी हिस्सेदारी दी जाए और जनरेशन की तरह ट्रांसमिशन कर्मियों को इंसेंटिव प्रदान किया जाए। इसके अलावा पूर्व और मध्य क्षेत्र के कर्मचारियों को 2006 से छठवां वेतन लागू करने की मांग की गई। सुझावों में नई इकाइयों के आदेश जल्द जारी करने, मेडिक्लेम पॉलिसी लागू करने, ऊर्जा विभाग का 9 जून 2011 का आदेश निरस्त कर कॉमन ग्रेडेशन बनाने और विद्युत कंपनियों में राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति रोकने की बात कही गई।

इस मौके पर संघ की ओर से महासचिव विकास शुक्ला, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, इमरान खान, संजीव सिंह, नवनीत प्यासी, प्रफुल्ल नरवरे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मां-बेटी ने की मारपीट

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत पौडी कालोनी पचपेढ़ी सिहोरा में बिना कारण गालीगलौज करते हुए एक मां बेटी ने एक युवक के साथ झूमाझपटी करने लगी, जब युवक की मां ने बीच बचाव किया तो उस पर लाठी से हमला कर चोटें पहुंचा दी। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पौड़ी कालोनी पचपेढ़ी सिहोरा निवासी 35 वर्षीय श्रीमति शाहजहां के घर के पास तहसीली की बाउण्ड्री बन रही है वहीं से उसका बेटा हसन अली आ रहा था जैसे ही सकीना के घर के सामने पहुंचा, तभी सकीना और उसकी बेटी शायना बिना कारण उसके बेटे हसन अली के साथ गालीगलौज कर उसके साथ झूमाझपटी करने लगीं, हसल की मां शाहजहां बीच बचाव करने पहुंची , तो सकीना ने लाठी से हमलाकर हाथ, पैर व पीठ में चोटें पहुंचा दीं तथा जान से मारने की धमकी दीं। पुलिस ने दोनों मां बेटी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में जनसुनवाई में पहुंचे सैकड़ों किसान
# कृषि माफिया पर कार्यवाही करने कलेक्टर व एसपी से गुहार

**जबलपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय व कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई किसानों के नाम रही। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल व संभाग उपाध्यक्ष दामोदर पटेल के नेतृत्व में फर्जी सिकमीनामा के आधार पर पथरिया गांव के 55 किसानों के साथ की गई धोखाधड़ी मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना से करने पहुंचे। शहपुरा अनुविभागीय अधिकारी व बेलखेड़ा थाने में 6 दिन पूर्व शिकायत देने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने से किसानों ने नाराजगी व्यक्त की। पथरिया के किसान महेंद्र अवस्थी ने बताया कि किसानों की लगभग पांच सौ एकड़ जमीन पर फर्जी सिकमीनामा चढ़ाकर उन्हें पूरे वर्ष के लिए एमएसपी पर फसल बेचने व शासकीय खाद वितरण केंद्रों से खाद लेने से वंचित कर दिया है। प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि एमएसपी किसान का हक है और यह अधिकार छीनने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

### कलेक्टर, एसपी कार्यालय पहुंचे किसान

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर पथरिया गांव के सैकड़ों किसान अपने स्वयं के खर्चे पर न्याय मांगने पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसान संघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में शांतिपूर्ण व अनुशासन के साथ किसानों ने अपनी मांगों से प्रशासन को अवगत कराया और मूंग खरीदी घोटाले व फर्जी पंजीयन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कड़ी कार्यवाही करने का निवेदन किया।जनसुनवाई में पहुंचे किसान अपनी शिकायत सौ रुपए के स्टाम्प पर लेकर आए और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन लेने नियुक्त अधिकारी मधुर पटेरिया व कलेक्टर कार्यालय में नायब तहसीलदार राजाराम कोल को सौंपी। स्टाम्प पर किसानों ने सामूहिक शपथ पत्र देकर कहा कि उनके द्वारा जो शिकायत में बातें कही गई हैं वह सत्य है और जिनके प्रमाण भी सलंग्न हैं।



### कृषि माफिया पर हो कड़ी कार्यवाही

किसान संघ के महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया कि कि मूंग उपार्जन केंद्रों पर वेयर हाउस मालिक, समिति प्रबंधक, सर्वेयर व प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों से मिलकर कृषि माफिया का समूह बना लिया है। बिना कृषि माफिया की फीस चुकाए किसान एमएसपी पर फसल ही नहीं बेंच सकता है। श्री पटेल ने कहा कि जिला प्रशासन जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने की बजाय उन पर कड़ी कार्यवाही करे। जिससे प्रशासन व सरकार की छबि खराब न हो।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, सम्भागीय उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, प्रांत कार्यालय मंत्री आलोक पटेल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पथरिया गांव के किसानों में प्रमुख रूप से महेंद्र अवस्थी, दिलीप जैन, अमित जैन, अर्जुन सिंह, शेख रुस्तम, शेख रकीब, अश्वनी गौड़, श्रीराम चढ़ार, राम मिलन, रघुवीर प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में किसानों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में युवक व युवती घायल

**जबलपुर।** बरेला चौकी गौर सालीवाड़ा में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ गालीगलौज व मारपीट कर एक दूसरे को चोटें पहुंचा दी। मारपीट में एक युवक व एक युवती को चोटें आई है। बरेला चौकी गौर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सालीवाड़ा निवासी 32 वर्षीय किसान उमेश पटेल गत शाम लगभग 7 बजे पेट्रोल पम्प के पास सत्तू की दुकान के सामने सालीवाड़ा में खड़ा था, उसके परिवार की रूची लोधी वहीं पर खड़ी थी जो उससे पुराने विवाद के बारे में बात कर रही थी तभी रूची लोधी का चाचा मुकेश पटैल आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो उसके साथ झूमाझपटी कर मारपीट कर उसे सीना एवं सिर में चोट पहुॅचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरा पक्ष ग्राम सालीवाड़ा निवासी 22 वर्षीय छात्रा रुचि लोधी गत शाम लगभग 7 बजे अपने छोटे भाई ऋषभ लोधी के साथ अपनी किराना दुकान से स्कूटी में बैठकर गौर तिराहा तरफ सामान लेने जा रही थी जैसे ही पेट्रोल पम्प के पास सत्तू की दुकान के पास पहुंची उसके परिवार का उमेश पटेल पुरानी रंजिश पर गालियां देने लगा, मना करने पर उमेश पटैल ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की और उसका वायां हाथ मरोड़ दिया जिससे हाथ में चोटें आ गयी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।





# जनेकृविवि के 64 कर्मी हुये समयमान वेतनमान योजना से लाभांवित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 64 कर्मियों को समयमान वेतनमान योजना का लाभ प्रदान किया गया है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा से कुलसचिव डॉ. ए. के. जैन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं, जिसमें दस वर्ष के 25, बीस वर्ष के 05, वर्ष के 05, तीस वर्ष के 11 और 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके 23 कर्मियों को समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त हुआ है। अब इन कर्मियों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। वहीं सहायक श्रेणी-3 के चार और भृत्य के 02 कर्मियों को परिवीक्षा अवधि समाप्ति का लाभ प्रदान किया गया है। इसके साथ ही कार्यपालन यंत्री विभाग में संविदा नियुक्ति के तहत उपयंत्री सिविल के लिये 02 और उपयंत्री इलेक्ट्रीकल के लिये 01 पद की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया भी दिवंगत के परिवार को दो माह के भीतर ही 03 लोगों को इसका लाभ प्रदान किया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन ने बताया कि अभी समयमान, वेतनमान योजना का लाभ, अनुकम्पा नियुक्ति लाभ, परिवीक्षा अवधि समाप्ति लाभ और कार्यपालन यंत्री कार्यालय में संविदा के 3 पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

**3 को मिली अनुकंपा नियुक्ति, 2 कर्मियों को मिला परिवीक्षा अवधि समाप्ति का लाभ**

## स्मार्ट सिटी अस्पताल
## अमित खरे की गुंडागर्दी, झूठे रसूख और फर्जीवाड़े का नया खुलासा
# पार्टनरशिप के नाम पर लाखों की ठगी!

**हरिभूमि, जबलपुर।**

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा और ठगी का अड्डा बन चुका स्मार्ट सिटी अस्पताल और इसके स्वयंभू भाजपा नेता संचालक अमित खरे का एक और काला खेल सामने आया है। खरे ने शहर के कई नामचीन और प्रतिष्ठित पेशों से जुड़े लोगों को पार्टनर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ितों को 50-50 हजार रुपये के चैक देकर विश्वास दिलाया गया, लेकिन न तो अस्पताल से होने वाले मुनाफे की कोई जानकारी दी और न ही उनकी मूल रकम लौटाई गई। उल्टा जब लोग अपना हक मांगने पहुंचे, तो खरे ने अपने राजनीतिक रसूख और गुंडागर्दी का हवाला देकर उन्हें धमकाया।

**हरिभूमि फॉलोअप**





### दर्जनभर से ज्यादा लोग बने शिकार

हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि करीब एक दर्जन से अधिक लोग इस धोखाधड़ी के शिकार बने हैं। सभी जल्द ही एसपी से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे और खरे द्वारा दिए गए चैक व ज्यादती की दास्तां सामने रखेंगे। यानी अब खरे का यह काला कारोबार सिर्फ अफवाह नहीं बल्कि दस्तावेज़ी सबूतों के साथ उजागर होने जा रहा है।

### रेत माफिया की पार्टी में हवाई फायर, पिस्टल ज़ब्त

कुछ माह पहले खरे का आपराधिक चेहरा तब उजागर हुआ जब उसने एक रेत माफिया के जन्मदिन समारोह में खुलेआम हवाई फायरिंग की। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पुलिस ने खमरिया थाने में प्रकरण दर्ज कर उसकी लाइसेंस पिस्टल भी जब्त कर ली थी। यह घटना बताती है कि खरे किस तरह खुद को कानून से ऊपर मानकर चलता है।

### बीमा कंपनी से भी फर्जीवाड़े की कोशिश

इतना ही नहीं, खरे ने बीमा कंपनी निवाबुफा को यह कहकर चूना लगाने की कोशिश की कि इलाज करने वाला डॉक्टर विक्टोरिया अस्पताल में पदस्थ है। लेकिन जब कंपनी के अधिकारी सीधे डॉक्टर तक पहुँचे, तो सारा खेल उजागर हो गया। डॉक्टर ने मरीज और फाइल देखकर फर्जीवाड़े को सिरे से खारिज कर दिया। बीमा कंपनी खुद हैरत में रह गई कि किस तरह से खरे सरकारी डॉक्टरों का नाम तक बेचकर क्लेम हथियाने की साजिश कर रहा था।

### निर्णायक कार्रवाई की मांग

अमित खरे पर फर्जी एमएलसी, बीमा क्लेम हड़पने और गुंडागर्दी जैसे गंभीर आरोप पहले भी लग चुके हैं। अब पार्टनरशिप के नाम पर ठगी और डॉक्टरों की रकम दबाने जैसे नए खुलासे ने उसके काले कारोबार को फिर से बेनकाब कर दिया है। सवाल यह है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग आखिर कब तक आंख मूंदकर कब तक बैठे रहेंगे?

### डॉक्टर और लैब टेक्नीशियन की भी रकम हड़पी

खरे का फर्जीवाड़ा यहीं खत्म नहीं होता। कोरोना काल से लेकर अब तक उसने निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और लैब टेक्नीशियन की सेवाएं तो लीं, लेकिन उनकी मेहनताना रकम भी दबा गया। यह रवैया साफ करता है कि खरे का धंधा मरीजों के साथ ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े पेशेवरों को ठगने पर भी टिका है।

## इस बार 11 दिन रहेगी गणेशोत्सव की धूम

# आज घर-घर विराजेंगे भगवान गणेश

**जबलपुर।** विघ्न विनाशक, बुद्धि विनायक, रिद्धि-सिद्धि के दाता, प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना का दस दिवसीय जन्मोत्सव पर्व बुधवार 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। सुबह-सुबह जहां जय गणेश जय गणेश की गूंज के साथ प्रतिमाओं की घर-घर स्थापना होगी। सनातन धर्म में गणेश उत्सव पर्व की महिमा भी निराली है। ब्रम्हाण्ड का सबसे पहले चक्कर लगाने की परीक्षा में उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा पूरी कर बुद्धि विनायक की उपाधि ली और प्रथम पूज्य कहलाए। इस साल 10 दिन के बजाय 11 दिन का गणेशोत्सव है।

भाद्रपक्ष की चतुर्थी को गणपति की घर-घर में स्थापना की जाती है और सुबह-शाम भगवान को भोग लगाकर उनकी आरती उतारी जाती है। भगवान श्री गणेश को विघ्न विनाशक भी कहा जाता है। उनकी दस दिनों तक आराधना कर बुद्धि-विवेक मांगते हैं और प्रार्थना करते हैं कि हे प्रभु तमाम बाधाओं से दूर रखना। पर्व की पूर्व संध्या पर बाजार जबर्दस्त गुलजार रहे। गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ गौरा पार्वती की मूर्तियां, छीटा, फल-फूल, माला, नारियल, धूप कपूर अगरबत्ती आदि पूजन सामग्री की जमकर खरीददारी हुई आज से घरों में गणपति विराज जाएंगे और सार्वजनिक समितियों द्वारा दसवीं की तिथि तक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला चलेगा। अनंत चौदस के दिन इस त्यौहार का प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन होगा।



### आज से गणेश धाम में विराजेंगे चॉंदी से बने श्रीगणेशजी महाराज

सिद्ध गणेश धाम में सच्चे मन से पहुँचने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। चाँदी से बने भगवान श्री गणेश जी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर घरों में सुख, शांति एवं समृद्धि लाते हैं। उक्त विचार आज ललपुर स्थित श्री सिद्ध गणेश धाम एवं रजत गणेश मंदिर के आचार्य पं. प्रमोद तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने आज 27 अगस्त से प्रारंभ होने वाले महागणेशोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ललपुर के इस गणेश धाम में 10 दिनों तक हजारों श्रद्धालुजन परिवार सहित आकर रजत भगवान गणेश जी का दर्शन करते हैं और दर्शन करने मात्र से सभी भक्तों की भगवान गणेश सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करते हैं। आचार्य श्री तिवारी ने कहा कि गणेश धाम रजत गणेश मंदिर के नाम से विगत 15 वर्षो से प्रसिद्ध हैं।

उन्होंने बताया कि मंदिर में आज 27 अगस्त को चाँदी से बने श्रीगणेश जी के विराजते ही शुरू होगा महागणेशोत्सव का पर्व। पिछले 15 वर्षो से इस श्री सिद्ध गणेश धाम, रजत गणेश मंदिर, ग्वारीघाट में चाँदी से निर्मित गणेश मूर्ति की स्थापना होती आ रही है। आचार्य श्री तिवारी ने जानकारी दी कि आज 27 अगस्त दिन बुधवार सायं 07:00 बजे मंदिर परिसर में मूर्ति की स्थापना होगी एवं 6 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 07:30 बजे तक गणेश जी का सहस्त्रार्चन किय जावेगा। मनोकामना पूर्ति हेतु अर्जी प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक भक्तगण लगा सकते हैं। सनातन धर्म में चाँदी से निर्मित मूर्ति की पूजा करने से विशेष धन, वैभव, सुख, शांति, सम्पदा प्राप्त होती है एवं विघ्न हरता सारे दुःखो को हर लेते है, महाभोग प्रसाद वितरण प्रतिदिन रात्रि 09:00 बजे से, छठी महोत्सव 1 सितम्बर 2025 को शाम 06:00 बजे एवं भजन संध्या, 6 सितम्बर अनंत चतुर्दसी के दिन हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन है एवं उसी दिन शाम को गणेश जी का जल विहार करके गणेश जन्म उत्सव का समापन हो जावेगा, 10 दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा, प्रतिदिन महाआरती रात्रि 8:30 बजे होगी उसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जावेगा।



## हरतालिका का पर्व श्रद्धा व आस्था से मनाया गया

### व्रतधारी महिलाओं ने किया रतजगा

**जबलपुर।** हरतालिका (तीजा) का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दिन महिलाएं 24 घंटे तक निर्जला व्रत रखकर रात के चारों पहर भगवान शंकर और माता गौरी पार्वती की पूजन अर्चन करती हैं। रतजगा कर भजन कीर्तन किया जाता है। महिलाएं जहां पति के दीर्घायु होने की कामना को लेकर यह व्रत रखती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां सुयोग्य और मनचाहा पति की कामना को लेकर तीजा का व्रत रखती हैं। पौराणिक मान्यता है कि माता पार्वती ने तीजा का व्रत रखकर भगवान भोले शंकर को पाया। हरतालिका पर घर-घर फुलेहरा बांधकर गौरा-पार्वती और भोले शंकर की आराधना की गई। चारों पहर हवन-पूजन किया गया। भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। महिलाओं ने रात्रि जागरण करने के लिये रात भर गाना-बजाना किया। भोर के पहले पहर शिवालयों में भी व्रतधारी महिलाओं की भीड़ उमड़ी। तड़के चार बजे पूजन अर्चन और हवन किया।



**श्रद्धालुओं ने उठाया भागवत भक्ति का आनंद**

## पचमठा मंदिर गढा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

**जबलपुर।** लघु काशी पचमठा मंदिर गढ़ा में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन विगत दिवस विधिवत संपन्न हुआ। विगत 19 अगस्त से प्रारंभ हुए इस भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे भागवत मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान किया। कार्यक्रम की शुरुआत विगत 19 अगस्त को भव्य कलश और शोभायात्रा से प्रारंभ हुई।गाजे-बाजे एवं भक्ति मय बैंड धुन,ढुल ढुल घोड़ी और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने संपूर्ण गढ़ा क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का जय घोष किया। तत्पश्चात व्यास पीठ के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ आठ दिनों तक अनवरत चली इस भागवत कथा में श्रीमद् भागवत के महात्म्य से लेकर परीक्षित जन्म ध्रुव भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव गोवर्धन पूजा रुक्मणी विवाह सुदामा चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों का महाराज श्री ने वर्णन किया। व्यास पीठ का पूजन-अर्चन महेंद्र, सुरेन्द्र, देवेंद्र विराज तिवारी ने किया। भागवत मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी ने इन आठ दिनों में अपनी पावन अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत भक्ति में सराबोर कर दिया भागवत कथा संयोजक बिराज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया समापन समारोह में गुरु परिवार के राजेश पटेल ने आयोजन की सफलता के लिए एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरजा सुरेंद्र तिवारी, भारती देवेंद्र तिवारी, महेंद्र विराज तिवारी, नीति अभय तिवारी, सीमा नरेंद्र तिवारी, अल्पना राजेंद्र तिवारी, स्मृति आनंद तिवारी,ज्योति जादौन, सरोज विश्वकर्मा, एडवोकेट राजकुमार अवस्थी,अमोल सिंह राजपूत,भानुप्रताप सिंह, विनीत टहनगुरिया,श्रीमती संध्या दुबे, डॉ.अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला का उल्लेखनीय योगदान रहा।



जबलपुर। मां नर्मदा होम में हरितालिका तीज पर फुलेरा पूजन

### नगर कांग्रेस ने त्यौहारों के पहले रोडों की मरम्मत कराने सौंपा ज्ञापन

**बरेला।** नल जल योजना के अंतर्गत पूरे नगर में पाईप लाईन डालने के बाद प्रत्येक वार्ड की सड़कों को खोदा गया है खोदने के बाद कई महीनों से अधूरी सडकों का मरम्मत कार्य नहीं किया गया है गणेशोत्सव, और दुर्गोत्सव पर्व आ रहे हैं जगह जगह समितियों द्वारा प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं।टूटी फूटी सडक, गड्ढों से नगर के लोग आये दिन परेशानी का सामना कर रहे हैं।गलियों में लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं पैदल चलने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है कई वार्डों में सबसे ज्यादा लोकसागर मुहल्ला, कोतवाली, बर्मन मोहल्ला, गंज मोहल्ला, बी टी आई की स्थिति गंभीर रूप से बनीं हुई है।आने वाले त्योहार समीप है।जिनकी तैयारी में यह सडकें बाधा बनीं हैं । मांग कि है त्यौहारों के पूर्व नगर की सडकों का कार्य पूरा करने ज्ञापन सौंपा गया है।इस अवसर पर जिला महासचिव अरविंद तिवारी, मंड़लम अध्यक्ष विपिन झारिया, हाजी जहीर अहमद, बद्री पांडे, रामजी रैकवार,अनुराग पटेल, पार्षद भूपेन्द्र यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## रोटरी क्लब एक्सीलेंस का पदस्थापना समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर एक्सीलेंस का पदस्थापना एवं प्रांतपाल की आधिकारिक यात्रा समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। रोटेरियन अशोक साहू ने अध्यक्ष और रोटेरियन अभिषेक अग्रवाल ने सचिव पद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल और विशिष्ट अतिथि सीए अखिलेश जैन रहे। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आशीष कुमार जैन ने कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रोटेरियन अभिषेक केसरवानी, अखिलेश बदशा, अंकुर माहेश्वरी, अमित जैन, डॉ. योगेश शर्मा, एम.एल.वी. राव, आर.के. चोक्से सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। पाँच नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता दी गई। संचालन अनुभूति बदशा ने किया व आभार रोटेरियन मयंक ठाकुर ने माना।

## हिनोतिया भोई से बिलहरी मार्ग के उड़े परख़च्चे

**बरेला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुछ वर्षों पूर्व बरेला पड़वार मार्ग पर हिनोतिया भोई से बिलहरी मार्ग का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में दो वर्ष पूर्व 37 लाख की लागत से इस रोड का नवीनीकरण किया गया था किंतु इस रोड पर हैवी वाहन चलने के कारण यह रोड कुछ माह में ही पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है तथा इस रोड में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तथा रोड के दोनों तरफ शोल्डर पट्टी का नाम तक नहीं है इसके कारण लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड का नवीनीकरण हो जाने के पश्चात भी ठेकेदार द्वारा इस रोड की बारिश पूर्व मरम्मत नहीं की गई थी जिसके कारण बारिश होने पर यह रोड और भी कीचड़ में तब्दील हो गई है। स्थानीय निवासी गुड्डा श्रीपाल,मुन्ना श्रीपाल ने बताया कि इस रोड से दोपहिया वाहन से भी निकलना मुश्किल है किंतु इसके बावजूद भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा इस रोड का निरीक्षण न करने और ठेकेदार द्वारा समय समय पर इस रोड की दुरुस्ती नहीं की जा रही है। इसकी वजह से लोगों को बारिश में इस गड्ढे वाली सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है । ग्राम बिलहरी की राशन दुकान के पास रोड पूर्णता गड्ढों में तब्दील हो गई है।बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा इस रोड का नवीनीकरण होने के पश्चात समय समय पर कार्य नहीं कराया गया है ।ठेकेदार द्वारा केवल बोर्ड वगैरह ही बदले गए हैं किंतु मेंटेनेंस के नाम पर कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण लोगों को इस बारिश में मुश्किलो से जूझना पड़ रहा है। इनका कहना है श्रद्धा भार्गव शुक्ला महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जबलपुर ..... बारिश के समय रोड में बी टीकार्य करना मुश्किल है बारिश के पश्चात इस रोड का प्राथमिकता से मेंटेनेंस कराया जाएगा।



## आदिवासी बच्चों को वितरित किए गए स्कूल बैग

**बरेला।** आदि ज जा सामा संघ जबलपुर द्वारा समाज के लिए शिक्षा और रोजगार का थीम लेकर ग्राम कुकड़ीखेडा में सरपंचकृष्णा कुशरे की अध्यक्षता और डी एस मरावी जी के विशिष्ट आतिथ्य में एक कार्यक्रम शाला प्रांगण में रखा गया जिसमे संघ के समस्त पदाधिकारियों द्वारा समाज की बुराइयों, कुरीतियों और नशा पर कठोर प्रहार करते हुए शिक्षा और रोजगार जीवन में निखार लाता है की धारणा को साकार करने पर जोर दिया गया। शाला त्यागी बच्चो को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया और यह सन्देश दिया गया कि जब तक हम शिक्षा नोकरी के मकसद से लेंगे तो हमारे समाज में नौकर ही पैदा होंगे अगर हम रोजगार में आने के मकसद से पढ़ेंगे तो मालिक पैदा होंगे। अंत में सभी विद्यार्थियों को पेन, कापी, बैग ऑर पेंसिल, सार्पनर आदि वितरण किया गया।



### शिक्षकों की ई-अटेंडेंस पर विरोध, आदेश वापस लेने की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रांतीय महामंत्री रजनीश पटेल ने लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 20 अगस्त को जारी आदेश क्रमांक 1074 का विरोध करते हुए कहा कि शिक्षक 3.0 पोर्टल पर केवल शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस लागू करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के चलते ई-अटेंडेंस लागू करना व्यावहारिक नहीं है, जिससे शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पटेल ने बताया कि शिक्षक समाज निर्माण की रीढ़ होते हैं और उन पर अविश्वास जताना पूरे समाज पर अविश्वास करने जैसा है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व क्षेत्र कंपनी के चयनित 422 कर्मचारियों को दिए नियुक्ति-पत्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की जा रही हैं। ऊर्जा विभाग अंतर्गत भी विभिन्न बिजली कंपनियों में परीक्षा के बाद कर्मचारियों को चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूर्व क्षेत्र कंपनी में चयनित 422 कर्मचारियों को रवीन्द्र भवन में 26 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में नियुक्त-पत्र वितरित किए, जिसमे ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व क्षेत्र कम्पनी के प्रबंध संचालक सहित सभी विद्युत कंपनी के प्रबंध संचालक भी उपस्थित रहे। इस दौरान बिजली कंपनियों के लिए नवीन संगठनात्मक संरचना स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रदर्शन भी किया गया, पूर्व क्षेत्र कंपनी के चयनित पदों में बिजली इंजीनियर-36 सिविल इंजीनियर-3, विधि सहायक-3 ,लाइन अटैंड़ेंट-380 को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं साथ उनके परिजन भी शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी की उपलब्धियों एवं नवाचार की प्रदर्शनी भी लगाई गई।





### बलिदान दिवस मनाने बैठक आयोजित

**सिहोरा।** देश का गौरव जबलपुर के गोंडराजा अमर शहीद महाराजा शंकर शाह,कुंवर रघुनाथ शाह के 168 वें बलिदान दिवस को मनाने के लिए बैठक का आयोजन पचेलगढ़ चंडीमाई प्रांगण राजा भंडरा पचेलगढ़ सामाजिक उत्थान समिति के संयोजन में किया गया जिसमें गोंड समाज महासभा सिहोरा, गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति कटनी, जय मां रेवा जन विकास समिति, गोंडवाना नवयुवक सर्व समिति बिजैयां, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति जबलपुर, शहीद कुंदन सिंह सर्व आदिवासी संगठन बघराजी सहित अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर विचार व्यक्त किए एंव सुझाव दिए।

## खालसा महाविद्यालय में विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा भारत में संवैधानिक नैतिकता एवं वर्तमान विधिक परिदृश्य विषय पर मंगलवार को एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ. आर. एस. चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती निर्मला नायक रहीं। उन्होंने संवैधानिक नैतिकता की अवधारणा, महत्व एवं वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। निदेशक डॉ. चंडोक, डॉ. अंजू पाठक एवं डॉ. आरती शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अंशुली चतुर्वेदी ने किया एवं समापन डॉ. आरती शुक्ला के आभार प्रदर्शन से हुआ। आयोजन में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।





## निधन

**श्री अखिलेश तिवारी** - सिहोरा, ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक 2 निवासी अखिलेश तिवारी का 47 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेन्द्र तिवारी के पुत्र एवं संजय, पत्रकार सतेन्द्र, उपेन्द्र तिवारी के भाई थे।



**श्रीमती अंजू चौहान**- बी 51, रतन नगर एलआईसी के पास मदनमहल निवासी श्री दीपक चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू चौहान (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संदीप पटेल**- रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री वृंदावन पटेल के पुत्र श्री संदीप पटेल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कला बाई कोल**- चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी श्री छोटे लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती कला बाई कोल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता शर्मा**- साकार उदय तुलसी नगर चेरीताल निवासी श्री सुधीर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चौरसिया बाई चौधरी**- राधाकृष्णन वार्ड झंडा चौक निवासी श्री पूरन लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती चौरसिया बाई चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बल्लू पटेल**- मंडला निवासी श्री बल्लू पटेल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश सोनकर**- दंगल मैदान घमापुर निवासी श्री कैलाश सोनकर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीना तालुकदार**- रांझी सेंट जोसफ स्कूल के पीछे निवासी श्री माधव कुमार तालुकदार की धर्मपत्नी श्रीमती मीना तालुकदार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शालिगराम चौरसिया**- ब्यौहारबाग निवासी श्री शालिगराम चौरसिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भुवनेश्वर प्रसाद शुक्ला**- सिद्धबाबा वार्ड पटेल मोहल्ला निवासी श्री भुवनेश्वर प्रसाद शुक्ला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री शुभम ग्वालवंश**- पूर्वी घमापुर विनोबा भावे वार्ड निवासी उमाशंकर ग्वालवंश के पुत्र श्री शुभव ग्वालवंश (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नंदन कुमार बरूआ**- डिफेंस कॉलोनी फेस 2, बिलपुरा निवासी श्री नंदन कुमार बरूआ (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
डबल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508291, 9407362180

## एक शाम मुकेश के नाम आज

**सिहोरा।** महान गायक मुकेश की 49 वीं पुण्यतिथि पर मझौली बायपास स्थित ध्वनि मैरिज गार्डन में आज बुधवार को सायं 7 बजे से म्यूज़िक डायरेक्टर दिनेश खड़तिया जबलपुर के डायरेक्शन में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसमें नगर के चुनिंदा कलाकारों द्वारा मुकेश जी के शानदार पुराने गीत प्रस्तुत किए जायेंगे। आयोजन में सभी संगीत प्रेमियों से पहुंचने की अपील की गई।



**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS NAZ PARVEEN I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS NAAZ PARVEEN W/O ZAKIR AHMED KHAN RESIDENT OF-HO. NO. 24/G, ABHINAV COMPLEX OPPOSITE G.S. COLLEGE, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR (M. P.) 482001

DEPONENT

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS ZAKIR AHMAD I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS ZAKIR AHMED KHAN S/O ABDUL AZIZ KHAN RESIDENT OF HO. NO. 777 (24/G, ABHINAV COMPLEX) 2ND FLOOR, SOUTH CIVIL LINE, OPPOSITE G.S. COLLEGE, JABALPUR (M. P.) 482001

DEPONENT

# ट्रंप के शुल्क से एप्पल का आईफोन हुआ 'टैरिफ-प्रूफ', भारत में नही बढ़ेंगी कीमतें

## अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर व अन्य सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा की है तब से एप्पल पसंद करने वालों के मन में यही सवाल घूम रहा है कि क्या आईफोन महंगा होने वाला है? टैरिफ के बावजूद भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। अप्रैल में ट्रम्प प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी थी।

इस छूट की वजह से आईफोन सहित एप्पल के सेमीकंडक्टर पावर्ड डिवाइस बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भारत से अमेरिकी बाजार में एंट्री कर रहे हैं। इस छूट ने न केवल एप्पल बल्कि एनवीडिया जैसी अन्य टेक्नोलॉजी कंपनियों को भी राहत प्रदान की है। क्या iPhone की कीमतों पर पड़ेगा असर?

### एप्पल में अतिरिक्त लागत वहन करने की क्षमता

फिलहाल, एप्पल भारत में अपने विस्तार को रोकने के बजाय किसी भी अतिरिक्त लागत को वहन करने की संभावना रखता है। लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि 50 प्रतिशत टैरिफ के जोखिम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर इसे आईफोन पर लागू किया जाता है, तो इसका असर प्रमुख बाजारों में एप्पल की कीमतों को नया रूप दे सकता है, एकमुश्त बढ़ोतरी के रूप में।



### टैरिफ शील्ड से आईफोन सुरक्षित

टैरिफ शील्ड फिलहाल आईफोन को सुरक्षित रखती है लेकिन स्थिति अभी भी अस्थिर है। धारा 232 के तहत स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने के लिए शक्तियों का इस्तेमाल पहले ही किया जा चुका है, जिसका असर मछली पकड़ने की रील और झाड़ू जैसी आम वस्तुओं पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यही अधिकार स्मार्टफोन पर भी लागू हो सकते हैं।

### भारत बना प्रोडक्शन हब

एप्पल के लिए भारत अब सिर्फ चीन का विकल्प नहीं बल्कि अमेरिका भेजे जाने वाले आईफोन का प्रोडक्शन हब भी बन गया है। कंपनी की स्थिति मजबूत है लेकिन भविष्य में कंपनी का फायदा इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वाशिंगटन दरवाजा खुला रखता है या नए टैरिफ़ लगाकर उसे बंद करने का फ़ैसला करता है?

## खबर संक्षेप



### जैक्सन इंजीनियर्स सौर संयंत्र करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** जैक्सन इंजीनियर्स मध्य प्रदेश में छह गीगावाट क्षमता का एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में मंगलवार को कहा कि यह राज्य में सबसे बड़ा सौर विनिर्माण निवेश है। बयान में कहा गया है कि ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समाधान समूह जैक्सन ग्रुप की कंपनी मध्य प्रदेश के मक्सी फेज-2 में छह गीगावाट का एकीकृत सौर मॉड्यूल, सेल और वेफर संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रही है।

### ग्रासिम का बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपए के करीब

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) दो लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। कंपनी के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने मंगलवार को कंपनी की 78वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में यह जानकारी दी। ग्रासिम ने वित्त वर्ष 2019- 20 और वित्त वर्ष 2024-25 के बीच पिछले पांच वर्षों में 67,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है।




### सुग्स लॉयड का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एकीकृत ईपीसी कंपनी सुग्स लॉयड लिमिटेड ने अपने 85.6 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 117-123 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा और दो सितंबर को संपन्न होगा। सुग्स लॉयड के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। यह आईपीओ पूरी तरह से 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 69.64 लाख नए शेयर का निर्गम है। मूल्य सीमा के ऊपरी स्तर पर कंपनी द्वारा 85.66 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।





### सेल ने नौसेना को विशेष इस्पात की आपूर्ति की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने भारतीय नौसेना के दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इन दोनों जहाजों को आज, 26 अगस्त, 2025 को विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह के दौरान नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सेल SAIL

### होटल क्षेत्र की प्रति उपलब्ध कमरे की कमाई बढ़ी

**मुंबई।** भारत के अतिथ्य उद्योग में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में होटल के प्रत्येक कमरे से हुई आय में 12.9 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज हुई है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जेएलएल की 'होटल मोमेंटम इंडिया (एचएमआई) दूसरी तिमाही-2025' रिपोर्ट के अनुसार, आतिथ्य क्षेत्र ने सालाना आधार पर प्रति उपलब्ध कमरे की आमदनी में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पिछली तिमाही के आधार पर इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, होटल के प्रत्येक कमरे से हुई आय की वृद्धि के मामले में बेंगलुरु 29.4 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा।



## कंपनी भारत में परिचालन मजबूत करेगी

# सुजुकी मोटर अगले पांच-छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश: तोशीहिरो

एजेंसी ▶▶ हंसलपुर (गुजरात)

जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि देश में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले पांच से छह साल में कंपनी 70,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ भारत में बनी मारुति की ई विटारा जापान सहित 100 देशों में निर्यात होगी

भारत में बनी मारुति ई-विटारा का जापान सहित 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। मोदी ने सुजुकी, तोशिबा और डेंसो के लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण संयंत्र का भी उद्घाटन किया जो हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी उत्पादन में सहायक होगा।

**लिथियम की आपूर्ति प्रभावित होने से बैटरी का विनिर्माण रुका:** मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि लिथियम की आपूर्ति के लिए चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण जोखिम की स्थिति बनी हुई है जो निवेशकों को भारत में बैटरी सेल विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश करने से रोक रहा है। अपने संयंत्र में मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लिथियम आयन बैटरी सेल के उत्पादन से इतर भार्गव ने उम्मीद जताई कि भारतीय वैज्ञानिक ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित करने में सक्षम होंगे जो बाहरी आपूर्ति पर निर्भरता को हल कर सकें।



### 40 लाख ईकाई प्रति वर्ष तक विस्तार

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि यह निवेश कंपनी के सालाना 40 लाख इकाई उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किया जाएगा। प्रस्तावित निवेश क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, 'हम 40 लाख इकाई प्रति वर्ष तक विस्तार कर रहे हैं। अतः 40 लाख इकाई क्षमता का विस्तार, सभी सहायक बुनियादी ढांचे और अनुसंधान एवं विकास तथा नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के साथ....इन सभी के लिए काफी धन की जरूरत होगी।''

### चार दशक से परिवहन क्षेत्र में भागीदार

इस अवसर पर तोशीहिरो सुजुकी ने कहा, '' सुजुकी अगले पांच से छह वर्ष में भारत में 70,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी।'' उन्होंने कहा, '' सुजुकी ने चार दशक से भी अधिक समय से भारत की परिवहन यात्रा में गर्व से भागीदारी की है। हम भारत के सतत हरित परिवहन के दृष्टिकोण का समर्थन करने और विकसित भारत में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### जीएसटी परिषद की बैठक 4 सितंबर को

गुजरात में स्थापित होने वाले दूसरे संयंत्र को अंतिम रूप दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि हम जीएसटी परिषद की बैठक (4 सितंबर को) के बाद इस प्रश्न का अधिक स्पष्ट रूप से उत्तर दे पाएंगे क्योंकि उसके बाद हर कोई यह अनुमान लगाएगा कि जीएसटी संबंधी निर्णयों का भविष्य की वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है।''

### समूह पहले ही एक लाख करोड़ का निवेश कर चुका

कंपनी के इस दूसरे संयंत्र की घोषणा पिछले साल 35,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ की गई थी। सुजुकी समूह पहले ही भारत में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुका है। इन निवेश से मूल्य श्रृंखला में 11 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। मारुति सुजुकी इंडिया की इकाई सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) में विशेष रूप से विनिर्मित, निर्यात के लिए तैयार ई-विटारा की पहली खेप पीपावाव बंदरगाह से यूरोपीय क्षेत्र में भेजी जाएगी।

### भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा

भार्गव ने कहा, ''हम अभी तक ईवी बैटरियां नहीं बनाते...भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा है। आज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की एक समस्या यह है कि लोग सेल को बैटरियों में पैक कर रहे हैं लेकिन सेल का वास्तविक उत्पादन (भारत में) नहीं हो रहा है।'' भार्गव ने जोर देकर कहा कि बैटरी सेल के उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करना '' एक बहुत ही पूंजी-प्रधान प्रस्ताव है।''

## रेडिमेड परिधान उद्योग की वृद्धि दर आधी रह जाएगी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

26 अगस्त (भाषा) भारत के सिलेसिलाए (रेडिमेड) परिधान उद्योग की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग आधी होकर 3-5 प्रतिशत रह सकती है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका भारत से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा रहा है, जो 27 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में रेडिमेड परिधान (आरएमजी) का कुल निर्यात 16 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो इस क्षेत्र के कुल राजस्व का 27 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि एक-तिहाई निर्यात अमेरिका को किया गया था, और 50 प्रतिशत शुल्क भारत को चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में नुकसानदेह स्थिति में ला देता है।

■ क्रिसिल रेटिंग ने कहा, अमेरिकी शुल्क का पड़ेगा प्रभाव

### निर्यात घटकर बहुत कम रह जाएगा

गुप्ता ने कहा कि 50 प्रतिशत शुल्क के बाद अमेरिका को भारतीय निर्यात घटकर बहुत कम रह जाएगा, हालांकि, प्रतिस्पर्धी देशों की मूल्यवर्धित परिधानों में सीमित क्षमता है और अमेरिका में बड़े खुदरा विक्रेताओं को अपनी सोर्सिंग व्यवस्था को फिर से व्यवस्थित करने में समय लग सकता है।

## भारत का कैसियो घड़ियों का बाजार शीर्ष तीन बाजारों में होगा शामिल

### किमुरा ने कहा, भारत उनके लिए एक खास बाजार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घड़ी बनाने वाली कंपनी कैसियो के भारत प्रमुख टाकुटो किमुरा ने कहा है कि भारत उनके लिए एक 'खास बाजार' है और यहां उनका कारोबार हर साल 25 से 30 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है।

■ कारोबार 25 से 30 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा

किमुरा ने उम्मीद जताई कि जल्द ही भारत दुनिया में कैसियो के सबसे बड़े तीन बाजारों में से एक बन जाएगा। किमुरा ने यह भी बताया कि कंपनी भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए निवेश जारी रखेगी, ताकि अभी की गति बनी रहे। फिलहाल, जापान, चीन, अमेरिका और यूरोप के बाद भारत कैसियो का पांचवां सबसे बड़ा बाज़ार है। किमुरा के अनुसार, भारत कैसियो के घड़ी कारोबार के लिए वास्तव में एक 'महत्वपूर्ण बाजार' है, जहां आर्थिक वृद्धि के साथ लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ रही है है। इन वजहों से इस बाजार में बहुत संभावनाएं निहित हैं।

### मेक इन इंडिया कार्यक्रम को विस्तार

किमुरा ने कहा, ''निश्चित रूप से भारतीय बाजार कैसियो के लिए पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय बाजार है जिस पर कंपनी विशेष ध्यान केंद्रित करती है, और हम आयातित घड़ियों के साथ-साथ 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से अपनी उत्पाद श्रृंखला को विस्तार देने का प्रयास करेंगे।''

## तिरुपुर, नोएडा व सूरत की निर्यात इकाइयों ने उत्पादन रोका : फियो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने मंगलवार को भारतीय वस्तुओं पर उच्च अमेरिकी शुल्क पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि तिरुपुर, नोएडा तथा सूरत के कपड़ा विनिर्माताओं ने इन भारी शुल्कों के कारण उत्पादन रोक दिया है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 27 अगस्त से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि इस कदम से भारतीय वस्तुओं का अपने सबसे बड़े निर्यात बाजार में कारोबार बुरी तरह बाधित होगा। उन्होंने इस घटनाक्रम को एक झटका बताया और कहा कि इससे अमेरिका को भारत के निर्यात पर



गंभीर असर पड़ सकता है। भारत का ज्यादातर निर्यात अब चीन, वियतनाम, कंबोडिया, फिलिपीन और अन्य दक्षिण-पूर्वी तथा दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी हो गया है। उन्होंने कहा, ''फियो, अमेरिकी सरकार के भारतीय मूल के सामानो पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है, जिससे कई निर्यात श्रेणियों पर कुल शुल्क 27 अगस्त, 2025 से 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा।''

## ट्रंप टैरिफ से पहले सेंसेक्स 849 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया।

■ सूचकांक टूटकर 81,000 अंक से नीचे फिसला

इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,689.60 अंक पर आ गया था।



विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के गवर्नर को बर्खास्त करने के बाद विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने के लिए एक मसौदा आदेश जारी किया है।

### इन शेयरों में लाभ व हानि दर्ज

रियल्टी, फार्मा, बैंकिंग और धातु शेयरों में बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा, जबकि एफएमसीजी शेयरों ने मामूली बढ़त के साथ अपेक्षाकृत मजबूती दिखाई। सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

## श्रीजी शिपिंग ग्लोबल आठ फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** पोत परिवहन एवं लॉजिस्टिक समाधान प्रदान करने वाली कंपनी श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 252 रुपये से आठ प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 7.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 271.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 7.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 270 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर



4,268.46 करोड़ रुपये रहा। श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड के 411 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बृहस्पतिवार को 58.10 गुना अभिदान मिला था। इसके लिए मूल्य दायरा 240-252 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। आईपीओ पूरी तरह से 1.63 करोड़ नए शेयर का निर्गम था जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) घटक शामिल नहीं था।

## जमाखोरी पर अंकुश लगाने स्टॉक सीमा तय की गई

# केंद्र ने गेहूं का स्टॉक रखने की सीमा सख्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को जमाखोरी पर अंकुश लगाने और कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए थोक विक्रेताओं, छोटे और बड़े खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की सीमा मानदंडों को और सख्त कर दिया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''आगामी त्योहारी मौसम से पहले गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के निरंतर प्रयासों के तहत, केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक लागू गेहूं की स्टॉक सीमा को संशोधित करने का निर्णय लिया है।'' संशोधित मानदंडों के अनुसार, थोक विक्रेताओं को 3,000 टन के बजाय 2,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति है।

■ थोक, खुदरा विक्रेताओं व प्रसंस्करण कर्ताओं के लिए मानदंड तय



### उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई

पोर्टल पर पंजीकरण न कराने या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करने वाली किसी भी इकाई पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अन्य कल्याणकारी योजनाओं और बाजार हस्तक्षेपों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है।

### स्टॉक सीमा में दो बार किया गया संशोधन

वर्ष 2025 में सरकार ने गेहूं की स्टॉक सीमा में दो बार संशोधन किया। ताजा आदेश 31 मार्च, 2026 तक मान्य है। इससे पहले, केंद्र ने 12 जून, 2023 को स्टॉक सीमा लागू की थी, जो 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी थी, और कीमतों को स्थिर करने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 24 जून, नौ सितंबर और 11 दिसंबर, 2024 को इसमें संशोधन किए गए थे।

### खुदरा विक्रेता आठ टन गेहूं रख सकते हैं

खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केन्द्र के लिए 10 टन के बजाय आठ टन गेहूं रख सकते हैं, जबकि बड़ी खुदरा श्रृंखला के खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केन्द्र के लिए पहले के 10 टन के बजाय आठ टन गेहूं रख सकते हैं। प्रसंस्करणकर्ताओं को चालू वित्त वर्ष के बाकी महीनों से गुणा करके अपनी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत तक गेहूं स्टॉक रखने की अनुमति होगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 37 / 2025

निविदा सं. 81255293, जिसके खुलने की तिथि 14/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं।–**Tender No. & Short Description :** 81255293 Description:- थिक वेब स्विच, **From : 25/8/2025, To : 08/09/2025,** अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** देखें

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एन-24-एनजीपी-2025-26 **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता, नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए रैंप, गैर-फिसलन सुलभ मार्ग, ड्रिंकिंग वॉटर बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, यात्री हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप और यात्री हॉल्ट पर पेयजल की व्यवस्था और प्लेटफॉर्म के अंत छोर पर अंतर प्लेटफॉर्म स्थानांतरण के लिए मार्ग का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,45,69,101/- **बयाना राशि:** ₹ 3,22,900/-

**2. निविदा क्र.:** एन-25-एनजीपी-2025-26 **कार्य का नाम:** DEN/उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 52 कि.ग्रा./60 कि.ग्रा. 90 UTS/60 E1 R 260 ग्रेड रेल के लिए रेल जोड़ों की वेल्डिंग के लिए AT वेल्डिंग भाग की आपूर्ति और पर्यवेक्षण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 77,95,112/- **बयाना राशि:** ₹ 1,55,900/-

**3. निविदा क्र.:** एन-26-एनजीपी-2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत **(1)** पुल क्रमांक 206, 213, 252, 289A, 291, 297, 322, 332, 349, 185, 32, 50, 58, 68, 82, 155 की मरम्मत। **(2)** पुल क्रमांक 55, 50, 13, 16, 22, 29, 39, 43, 78, 60, 74, 308, 235, 232 की मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,75,44,193/- **बयाना राशि:** ₹ 3,37,700/-

**4. निविदा क्र.:** एन-27-एनजीपी-2025-26 **कार्य का नाम:** **(1)** ADEN/छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्टाफ क्वार्टरों में शौचालय, रसोईघर, रास्ते, चबूतरे की सुरक्षा, जर्जर दरवाजों और खिड़कियों तथा एसी शीट की छत आदि का सुधार। **(2)** ADEN/छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों की कॉलोनी सड़कों व जल निकासी प्रणाली तथा क्लोरीनेशन पंप में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,45,46,982/- **बयाना राशि:** ₹ 3,22,700/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **12.09.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और इन्हे अस्वीकार कर दिया जाएगा। उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेब-साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (उत्तर),**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

FL/21-103

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ की काट है, स्वदेशी अपनाओ

देश पर जब भी कोई विपदा या परेशानी आई है तो पूरे देश ने मिलकर न केवल मुकाबला किया है बल्कि उस परेशानी का खात्मा करके ही दम लिया है। ऐसा ही समय एक बार फिर आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले की गई घोषणा के अनुसार भारतीय सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। भारत के खिलाफ ये टैरिफ 27 अगस्त यानी आज से लागू होंगे। आदेश में कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय प्रोडक्ट्स पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त 2025 की रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। ट्रंप के इरादों से साफ है कि वो भारत के खिलाफ सनक पाले हुए हैं। इसका सीधा असर यह होगा कि टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सी फूड इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। इससे 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। हालांकि आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री पर नहीं होगा। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेक्शन 232 के तहत छूट मिली है। जब तक इसकी घोषणा नहीं होती, तब तक अमेरिका को निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, फार्मा पर मौजूदा टैरिफ जीरो फीसदी है, लेकिन ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है। जब तक ये लागू नहीं होता, तब तक छूट मिलती रहेगी। ऐसा लंबे समय तक होता नजर नहीं आ रहा। जिस तरह से ट्रंप प्रशासन फैसले ले रहा है, उससे तो साफ है कि वे किसी भी समय कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इसके लिए तैयार रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की तरफ भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने संबंधी नोटिफिकेशन के दो दिन पहले ही अपना रुख साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकती। हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे। इशारा साफ है कि भारत अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न उठता है कि विकल्प क्या है। सबसे पहले तो सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा। इसके तहत भारत अब चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के बाजारों पर फोकस करेगा। आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भारत ट्रेड डील कर चुका है। ये एक अक्टूबर से लागू होगी। ब्रिटेन के साथ डील अगले साल अप्रैल से लागू हो सकती है। ओमान, चिली, पेरू, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ से बातचीत जारी है। भारत सीफूड के लिए रूस, यूके, यूरोपीय यूनियन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया पर फोकस कर रहा है। वहीं, हीरे और आभूषण के लिए वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और अफ्रीका जैसे बाजारों की ओर रुख कर रहा है। सरकार इसके लिए अपनी तरफ से प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एक खास बात और भी कही है जो आपदा में अवसर होगी। स्वदेशी अपनाओ, इसी मंत्र से हम ट्रंप के टैरिफ को काट सकते हैं। टैरिफ का सबसे ज्यादा असर नौकरियों पर होगा। अगर हम स्वदेशी अपनाते हैं तो जितनी नौकरियां प्रभावित होंगी, उससे कहीं ज्यादा हम अपनी खपत बढ़ाकर रोजगार सजृन कर सकते हैं। अगर त्योहारों के सीजन में ही संकल्प कर लें कि केवल स्वदेशी सामान की खरीद करेंगे तो ट्रंप के इस टैरिफ का हम पर कोई खास असर नहीं होने वाला। जरूरी यही है कि हम हमेशा के लिए देश के लिए खड़े हों और स्वदेशी को अपनाएं।




# मोहन भागवत की अगुवाई में महामंथन

संघ शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी दिल्ली में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही, भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। इन्हीं में से एक कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देश के चार प्रमुख शहरों राजधानी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में सक्रिय नागरिकों के साथ संवाद है। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति भवन में 26, 27 और 28 अगस्त को होगा। कोई संगठन अपने शीर्ष नेता का कुछ घंटे का एक दिन का संबोधन या प्रश्नोत्तर या फिर पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम रख रहा है। आम सोच यही होगी कि डॉ. भागवत संघ पर लगने वाले आरोपों पर विस्तार से बात रखेंगे तथा अपनी उपलब्धियों का बखान करेंगे। अभी तक संघ के कारण प्रणाली में ऐसा कभी नजर नहीं आया कि संघ का चरित्र अन्य संगठनों की तरह लगने वाले आरोपों का त्वरित या किसी स्तर पर पत्रकार वार्ता आदि बुलाकर खंडन करना और आत्म प्रचार का हो। जब यह अभी तक संघ की कार्यप्रणाली में रहा ही नहीं तो शताब्दी वर्ष पर सरसंघचालक का राजधानी दिल्ली के इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उपयोग वे इसमें करेंगे, ऐसी कल्पना निरर्थक है। तो फिर? स्वाभाविक ही तीन दिनों तक लगातार लोगों के सामने संघ की 100 वर्ष की यात्रा, वर्तमान भारत एवं विश्व की स्थिति , उत्पन्न प्रश्न एवं चुनौतियां, उन पर संघ का मत एवं उपस्थित समूह के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आदि शामिल होंगे। हां उपस्थित श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में शेष बातें आएंगी।

राजधानी दिल्ली के इस कार्यक्रम की ओर निश्चित रूप से संघ के स्वयंसेवकों व समर्थकों के अलावा देश भर के विरोधियों की भी दृष्टि होगी। शताब्दी वर्ष की दृष्टि से संघ का संगठन के बाहर देश के समक्ष शीर्षतम नेतृत्व द्वारा अपनी बात रखने का यह पहला कार्यक्रम होगा। निश्चित रूप से इसकी तैयारी भी उसी अनुसार दिखाई दी है। संघ के विरोधी भी यह मानते हैं कि उनका कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुलक्षित होता है। निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले मानेंगे कि डॉ. भागवत का यह कार्यक्रम ऐसा होगा कि दूसरे संगठन भी इससे अपने महत्वपूर्ण अवसरों का उपयोग करने का तौर-तरीका सीखकर आगे अपनाते हुए दिख सकते हैं। सच कहा जाए तो यह देश के समक्ष केवल संघ को अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण और बड़ा अवसर नहीं है, देश के लिए भी संघ को जानने समझने का अब तक का सबसे प्रामाणिक आयोजन है। हालांकि 2018 में भी मोहन भागवत ने इसी भवन में संवाद किया था और उसका भी असर हुआ। शताब्दी वर्ष की तैयारी को देखते हुए यह अभी तक का संघ की दृष्टि से सबसे अलग होगा। पिछले 23 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधि सभा के समापन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि संघ शताब्दी वर्ष का उत्सव नहीं मनाएगा बल्कि इसकी जगह हमने इस वर्ष के लिए तीन बिंदु सुनिश्चित किए हैं। एक, आत्मचिंतन करना, दो, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा तीन, राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में हम अधिक सावधानी,



गुणवत्ता तथा व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेते हैं। स्वाभाविक ही जीवंत सक्रिय संगठन 100 वर्ष की अपनी यात्रा पर आत्मचिंतन करेगा। आत्मचिंतन व्यापक आयाम वाला विषय है। आत्मचिंतन यानि हम जिन उद्देश्यों के लिए जिन परिस्थितियों में जिस तरह उत्पन्न हुए अभी तक अपने लक्ष्यों की दृष्टि से जो कुछ किया क्या वह संतोषजनक है, कुछ कमियां है तो उन्हें कैसे दूर करेंगे, वर्तमान काल और परिस्थिति में हमें और क्या करना है आदि आदि। पिछले दिनों एक साक्षात्कार में मोहन भागवत ने कहा था कि 'डॉक्टर साहब, श्री गुरूजी या बाळासाहब के विचार सनातन परम्परा या संस्कृति से अलग नहीं हैं। प्रगाढ़ चिंतन व कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष प्रयोगों के अनुभव से संघ की पद्धति पक्की हुई और चल रही है। पहले से ही उसमें पोथी निष्ठा, व्यक्ति निष्ठा व अंधानुकरण की कोई जगह नहीं है। हम तत्वप्रधान हैं। महापुरुषों के गुणों का, उनकी बताई दिशा का अनुसरण करना है, परन्तु हर देश-काल-परिस्थिति में अपना मार्ग स्वयं बनाकर चलना है। इसलिए नित्यानित्य विवेक होना चाहिए। सरसंघचालक का वक्तव्य संघ के लिए दिशाबोधक है। अगर वे पूर्व सरसंघचालक को उद्धत करते हुए कहते हैं कि मूल विचार को छोड़कर सब कुछ बदला जा सकता है तो इसे ही स्वीकार किया जाना चाहिए। पिछले 21 मार्च को अरुण कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संघ एक संगठन नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का बड़ा आंदोलन है। शताब्दी वर्ष में इसी को केंद्र में रखकर कार्यक्रम तय किए गए होंगे। जैसा पिछले काफी समय से पत्रकार वार्ताओं में संघ की ओर से बताया जा रहा है कि आगामी समय में सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को अधिक केन्द्रित करेगा । इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य सम्मिलित हैं। इस विषय में श्री होसबाले ने कहा था कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस कार्ययोजना का लक्ष्य है। अस्पृश्यता समाज के लिए पाप और कलंक है तथा संघ इसे मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित प्रांत प्रचारक बैठक में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर के वक्तव्य की कुछ पंक्तियां इन्हें ज्यादा स्पष्ट करतीं हैं ' शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रम इन्हीं उद्देश्यों पर केंद्रित हैं इसलिए मोहन भागवत भी निश्चित रूप से इन बातों पर प्रबुद्ध समूह के बीच विस्तार से अपना मत रखेंगे। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



## गणेश चतुर्थी
बाल मुकुन्द ओझा

# पंच देवताओं में अग्रगण्य हैं भगवान गणेशजी

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे देश में बड़े ही धूमधाम और पूजा पाठ से मनाया जाता है। प्रत्येक घर और व्यापारिक संस्थान में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता, जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। अंग्रेजी तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव इस साल 27 अगस्त, बुधवार से शुरू होकर विसर्जन 6 सितंबर को होगा। पंचांग के अनुसार इस साल भगवान श्री गणेश की मध्यान्ह पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त 2027, बुधवार के दिन रहेगा। इस दिन गणेश भक्त सुबह 11 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर एक बजकर 40 मिनट के बीच श्री गणेश जी की पूजा कर सकेंगे। इस प्रकार गणपति के भक्तों को उनकी पूजा करने के लिए लगभग ढाई घंटे मिलेंगे। भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्वितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है। इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरुआत से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं।



इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा, लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है। भारत ही नहीं, भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बनाकर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक होकर पुत्र गणेश को ह्रदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।


## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह कांटों में मुस्कराता है। *-कांतिलाल मांडोत*

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत, रूस और चीन भाई-भाई

वर्तमान में एशिया के लिए इसी प्रकार का एक और भ्रातृत्व अनिवार्य है यथा पश्चिमी देश अमेरिका की रहनुमाई में रह कर पूरी दुनिया के स्रोतों का दोहन कर रहे हैं और एक-एक करके सर्वत्र फूट डाल कर विवाद खड़े करते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। अमेरिका अब तक संसार में कई युद्ध करवा चुका है और भारत-चीन और रूस का कभी हित नहीं किया। अब अचानक फिर तराजू बंदर के हाथ आ गया है और अब वह भारी भरकम टैरिफ का डंडा भारत, रूस और चीन पर बरसा रहा है। वह चाहता है कि भारत रूस से क्रूड ऑयल न खरीदे। भारत अपने हित-अहित जानता है और उक्त तीनों देश ट्रंप की हेकड़ी जरूर समाप्त करेंगे, आने वाले समय की यही पुकार है।

*- सुरेश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

### द. अफ्रीका में सिखों के शांति पहल में धार्मिक नेता

सिख समुदाय द्वारा अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में शांति स्थापना के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में 300 से अधिक धार्मिक और सामुदायिक नेता एकत्र हुए। यह भव्य कार्यक्रम रविवार शाम सैंडटन में आयोजित किया गया जिसका विषय था 'विश्वासों को जोड़ना : अफ्रीका में अंतरधार्मिक सद्भाव के माध्यम से शांति को बढ़ावा देना'। आयोजकों ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला आयोजन पूरे महाद्वीप में शांति और सहयोगात्मक आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने की दिशा में आधारशिला बनने की महत्वकांक्षा रखता है। गुरुद्वारा साहिब जोहानिसबर्ग, सिख काउंसिल ऑफ अफ्रीका, हेवनली कल्चर वर्ल्ड पीस रेस्टोरेशन ऑफ लाइट (एचडब्ल्यूपीएल) और गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में ईसाई, मुस्लिम, हिंदू, सिख और अफ्रीकी पारंपरिक धर्म के नेता एक साथ आए। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के उप मंत्री डॉ. नामाने डिक्सन मासेमोला ने कहा कि 1996 में अपनाया गया दक्षिण अफ्रीका का संविधान सभी धर्मों और आस्थाओं को मान्यता देता है। मासेमोला ने कहा- धार्मिक नेता शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## ऑफ बीट


### आत्महत्या के सटीक जवाब देने में कारगर नहीं एआई चैटबॉट

एक अध्ययन तीन लोकप्रिय कृत्रिम मेधा चैटबॉट्स पर यह जानने के लिए किया गया कि वे आत्महत्या से जुड़े सवालों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। इसमें पाया गया कि वे आमतौर पर ऐसे सवालों का जवाब देने से बचते हैं जो उपयोगकर्ता के लिए सबसे ज्यादा जोखिम वाले होते हैं, जैसे कि आत्महत्या करने के तरीकों से जुड़ी विशिष्ट जानकारी। हालांकि कम गंभीर लेकिन नकुसान पहुंचाने वाले सवालों पर ये जवाब देने में उतने कारगर नहीं है। ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लाउड में 'और अधिक सुधार' की जरूरत बताई गई है। आरएएनडी कॉर्पोरेशन ने यह अध्ययन किया है और इसका (अध्ययन का) वित्तपोषण अमेरिका के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने किया है। अनुसंधान में चिंता व्यक्त की गई है कि बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए एआई चैटबॉट पर निर्भर हैं। अध्ययन में इस बात के लिए मानक स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि कंपनियां इन प्रश्नों का उत्तर कैसे दें। अनुसंधान पत्र के प्रमुख लेखक तथा आरएएनडी के वरिष्ठ नीति अनुसंधानकर्ता रयान मैकबेन ने कहा, हमें कुछ सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।



## ट्रेंड

### वंदे भारत एक्सप्रेस



मराठवाड़ा के विकास को गति देने के लिए, हम गतिशील परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज, 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ने नांदेड़ को मुंबई के और करीब ला दिया है, जिससे इस क्षेत्र के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुल गए हैं।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**


### नक्सलवाद



नक्सलवाद ही कांग्रेस का 'संविधान' है। वामपंथी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर उसने इस पर मुहर लगा दी है। लेकिन यह समझ लें कि अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलियों को साफ करने का बीड़ा उठा लिया है।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### एजेंसीज का दुरुपयोग



सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। जिस तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। मोदी सरकार हमारी आवाज़ दबाना चाहती है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### वैकल्पिक संभावनाएं



उद्योग जगत के नेता/सीईओ एआई के कारण 'नौकरियों के नुकसान' का शोर मचा रहे हैं। उन्हें यह एहसास नहीं है कि उनकी 'नौकरियाँ' या पद ज़्यादा खतरे में हैं। क्योंकि अब कर्मचारियों को वैकल्पिक संभावनाएं तलाशने का मौका मिल गया है।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कंबल वाले बाबा के शिविर में उमड़ी भीड़

# दवाई बेचने के नाम पर की जा रही खुली लूट

**सिवनी जिले के बंजारी मंदिर स्थित प्रांगण में इन दिनों एक बाबा पहुंचे हैं जिनका नाम है कंबल वाले बाबा और इनका दावा है,कि उनके पास जो मरीज आता है किसी भी बीमारी से ग्रस्त हो वह उसे ठीक कर देते हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बाबा के पास यहां रोज हजारों लोग पहुंच रहे हैं गिरते पानी में व्हीलचेयर में बैठकर घंटों धूप में भी यह लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, हमने कुछ लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई आराम नहीं मिला तो कुछ लोग यह कहते नजर आए कि कुछ तो आराम मिला है वही बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोगों के साथ यहां पर खुली लूट की जा रही है बाबा अपने प्रोडक्ट का तेल और चूरन यहां पर करीब साढे 6 सौ रुपए की कीमत पर बेच रहे हैं। बता दे कि जो शिविर यहां लगा है उसके 10 मीटर की दूरी एनएच 44 का रास्ते में बड़ी मात्रा में पार्किंग कर दी गई है, जिससे कभी भी यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है, दवाई बेचने के मामले में जब हमने बाबा से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि दवाई खरीदने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती नहीं की जा रही जबकि बाकायदा उनके साथी एलाउंसमेंट करके दवा साथ जरूर ले जाने की बात कर रहे हैं।

## खेत में मिला 65 वर्षीय किसान का शव

**सिवनी।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के बुढ़वानी सीहोरा में एक खेत से 65 वर्षीय किसान लेखराम पटेल का शव मिला है। वह कल रात से लापता थे।

सुबह जब कुछ ग्रामीण खेत की तरफ गए तो उन्हें लेखराम का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे मौके पर पहुंचे।पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक किसान ने फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के आसपास करंट के तार बिछाए थे।

पुलिस को आशंका है कि इन्हीं तारों के संपर्क में आने से लेखराम की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। मौत के सटीक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा।

# एक टमाटर के लिये बिजुरी में भरे बाजार महिला की हत्या



## आरोपी हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** बिजुरी मे भरे बाजार एक महिला की महज एक टमाटर के विवाद मे हत्या कर दी गयी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के द्वारा गंभीर अपराधो पर पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया आदेशित की गई है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में शनिवार को घटित गंभीर अपराध पर बिजुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है।

### ऐसे हुई घटना

25 अगस्त को फरियादिया लक्ष्मी बंसल पति होरीलाल बंसल उम्र 50 वर्ष निवासी लोहसरा की थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि मैं तथा सुनीता बंसल पति किशन बंसल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मोहाडा दफाई बिजुरी की हनुमान मंदिर चौराहा बिजुरी में तीज त्यौहार के अवसर पर बिकने वाले बांस के छींटना दातुन 25 अगस्त के सुबह 9 बजे से बेच रही थी। शाम करीब 7 बजे एक अज्ञात व्यक्ति बांस का डंडा से उसे अश्लील गाली गलौज करते हुए मारा जिससे पीड़िता मौके पर बेहोश हो गई। आरोपी को पकड़ कर पूछने पर उसने अपना नाम कृष्ण मोहन कुमार पिता स्वर्गीय बृज किशोर राय निवासी ग्राम मटिहानी थाना मटिहानी जिला बेगूसराय बिहार का होना बताया। घटना विवरण पर अपराध क्र. 267/25 धारा 296, 115 (2), 351(2) बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया गया था।

### आरोपी ने कुबूला जुर्म

बेहोश पीड़िता को बिजुरी अस्पताल से रेफर कर ईलाज हेतु रायपुर ले जाया जा रहा था जिसकी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। जिस पर थाना में मर्ग क्रमांक 40/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच में लिया गया। मारपीट पर कायम अपराध पर हत्या की धारा ईफा कर प्रकरण के आरोपी कृष्ण मोहन कुमार से घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा बताया गया कि वह हनुमान मंदिर चौक में सब्जी दुकान से टमाटर लेकर खा रहा था तभी सब्जी वाले और मृतिका के द्वारा उसे डांट फटकार कर भगा दिया गया तथा मृतिका ने उसे अपशब्द कहे जिस कारण से उसने अपने पास रखे बांस के डंडा से मृतिका के सिर पर जानलेवा चोट पहुंचाई जिससे मृतिका की मृत्यु हो गई। आरोपी के बताए अनुसार प्रकरण में बांस के डंडा को जप्त किया गया है तथा प्रकरण के आरोपी कृष्ण मोहन कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रजापति, बृजेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक बसंत सिंह, आरक्षक अभिषेक शर्मा, विश्वजीत, सत्यभान और करमजीत की भूमिका रही।

## पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतक के पिता ने बहू और उसके परिवार पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सटई थाना क्षेत्र के अतरार गांव निवासी बाबू कुशवाहा (26 वर्ष) की शादी आठ साल पहले बक्शी के पुरवा निवासी वर्षा कुशवाहा से हुई थी। दंपति के एक बेटा और बेटी भी हैं। मृतक के पिता हल्लू कुशवाहा के अनुसार, शादी के बाद पत्नी वर्षा और उसके परिवार ने कई बार बाबू के खिलाफ सटई थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। आपसी समझौते के बाद दोनों साथ रहने लगे, लेकिन पिछले छह महीनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। वर्षा ससुराल में रहना नहीं चाहती थी और छह महीने से अपने मायके में थी। दो दिन पहले वह मायके वालों के साथ वर्षा ससुराल पहुंची, जहां ससुराल पक्ष के साथ उनका वाद-विवाद हुआ। इस दौरान दोपहर करीब 1 बजे बाबू कुशवाहा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हल्लू कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बहू वर्षा और उसके परिवार ने बाबू के साथ मारपीट की और लंबे समय से उसे प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने दी सफाई-कहा, प्रेमानंद के लिए कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की, लेकिन चमत्कार को नमस्कार नहीं करता



सतना।

संस्कृत भाषा और धार्मिक विमर्श को लेकर बीते दिनों उठे विवाद के बीच जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपनी सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रेमानंद महाराज के लिए कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की है वह उनके बालक जैसे हैं। यह सफाई उन्होंने अपने चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ आश्रम से दी है। दरअसल,दो दिन पहले रामभद्राचार्य का वीडियो सामने आया था,जिसमें उन्होंने प्रेमानंद महाराज को संस्कृत बोलने और श्लोकों का अर्थ समझाने की चुनौती दी थी। इस बयान पर प्रेमानंद महाराज के अनुयायियों ने नाराजगी जताई थी। मामला तूल पकड़ने के बाद अब जगद्गुरु ने सफाई दी है। उन्होंने कहा आज सनातन धर्म पर चारों ओर से आक्रमण हो रहे हैं। हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। हमने पांच सौ साल की लड़ाई लड़ी और राम मंदिर पाया। उन्होंने कहा कि ने प्रेमानंद जी के लिए कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की।हां मैं चमत्कार को नमस्कार नहीं करता। एक आचार्य होने के नाते मैं सबको कहता हूं कि संस्कृत का अध्ययन करना चाहिए। हर हिंदू को संस्कृत पढ़नी चाहिए। आज भी मैं 18-18 घंटे पढ़ता हूं। मेरे लिए जो भ्रम फैलाया जा रहा है,वह गलत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने शिष्य धीरेंद्र शास्त्री को भी संस्कृत पढ़ने और ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी है। अंत में उन्होंने प्रेमानंद महाराज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की लगातार कामना करते हैं।

# डॉक्टर ने फैलाया लूट का झूठा प्रोपेगेंडा, पुलिस जांच में खुली पोल

सतना।


शहर के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर ने लूट की झूठी कहानी रचकर न सिर्फ पुलिस का समय बर्बाद किया,बल्कि तीन निर्दोष लोगों को भी मुसीबत में डाल दिया।यह घटना तब सामने आई जब पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की और पाया कि डॉक्टर ने नशे में गाड़ी चलाते हुए एक वाहन को टक्कर मार दी थी,जिसके बाद उन्होंने घटना को छिपाने के लिए लूट का मनगढ़ंत आरोप लगा दिया। मामला तब शुरू हुआ जब डॉक्टर साहब ने एक स्थानीय नेता को बताया कि उनके साथ लूट हुई है। नेताजी ने तत्काल पुलिस को इस बारे में सूचित किया और रिपोर्ट दर्ज करने का दबाव बनाया।पुलिस ने नेताजी को आश्वस्त किया कि रिपोर्ट जरूर दर्ज की जाएगी,लेकिन उससे पहले घटना की पूरी जांच करना आवश्यक है।पुलिस ने जब जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस को पता चला कि जिस रात डॉक्टर ने लूट का आरोप लगाया था,उस रात वे शहर के सिमरिया चौक स्थित एक अवैध बियर बार से शराब पीकर निकले थे। नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए उन्होंने टॉकीज के पास एक कार को टक्कर मार दी।अपनी गलती और नशे की पोल खुलने के डर से डॉक्टर ने गाड़ी में सवार तीन लोगों पर ही लूट का आरोप लगा दिया। पुलिस ने जल्दबाजी में उन तीनों निर्दोष लोगों को पकड़ लिया और थाने में बैठा लिया। जब पुलिस ने डॉक्टर को थाने बुलाकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करने को कहा,तो डॉक्टर साहब थाने नहीं पहुंचे। उनका बार-बार टाल-मटोल करना पुलिस के शक को और गहरा कर गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की,तो डॉक्टर की कहानी में कई झोल मिले।अंत में यह साफ हो गया कि लूट की कोई घटना हुई ही नहीं थी,बल्कि डॉक्टर ने अपनी गलती छिपाने के लिए यह झूठा प्रपंच रचा था। इस घटना के बाद अब डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने तीनों निर्दोष लोगों को रिहा कर दिया है और अब झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिए डॉक्टर पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। यह मामला दिखाता है कि कैसे एक प्रतिष्ठित व्यक्ति भी अपनी गलती छिपाने के लिए कानून का दुरुपयोग कर सकता है। इस घटना ने शहर में चर्चा का विषय छेड़ दिया है और लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या ऐसे लोगों को उनके पद और प्रतिष्ठा के कारण छूट मिलनी चाहिए। यह खबर सोशल मीडिया पर भी तेजी से फैल रही है,और लोग डॉक्टर के इस कृत्य की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

## दो नाबालिक बच्चियों को अमानगंज पुलिस ने किया दास्तयाव

**अमानगंज।** अमानगंज पुलिस थानाक्षेत्र से दो नाबालिक बच्चियों के अलग-अलग स्थान से अलग-अलग तारीखों में गुम होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई और पुलिस ने दोनों ही मामलों में धारा 363 का मामला दर्ज करते हुए दोनो ही मामलों की पता साजी आरंभ कर दी जिसमें पुलिस को सफलता हाथ लगी है और दोनों ही बच्चियों को दस्तयाब करने में स्थानीय पुलिस सफल हुई है थाना प्रभारी महोदय ने बताया कि एक बच्ची को आंध प्रदेश करीमनगर से पकड़ने में सफलता हाथ लगी है जबकि दूसरी बच्ची हरियाणा हिसार से पुलिस को मिली है दोनों ही मामलों में पुलिस मोबाइल ग्रुप साइबर टीम पन्ना का सहयोग विशेष रूप से देखा गया है जबकि स्थानीय दो टीमें थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सफलता पाई है।

# गुलाबी गैंग कमांडर को धमका रहा शराब माफिया

**प्रशासन से मॉगी सुरक्षा, बस स्टेण्ड सहित शहर में चल रहे अवैध आहते बंद हों - पूर्णिमा**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में शराब माफिया के खिलाफ खुली लड़ाई छेड़ने वाली गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा ने अब प्रशासन के सामने एक गंभीर चेतावनी रख दी है। उनका कहना है कि अगर उन्हें सुरक्षा नहीं मिली और अवैध शराब कारोबारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इच्छा मृत्यु की मांग करेंगी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी एलान किया है कि आने वाले दिनों में वे छिंदवाड़ा के मानसरोवर चैक पर पांच महिलाओं के साथ आत्मदाह करेंगी।

### 14 साल से शराब माफिया के खिलाफ संघर्ष

पूर्णिमा वर्मा ने करीब 14 साल पहले शराब माफिया के खिलाफ अपनी लड़ाई की शुरुआत की थी। छिंदवाड़ा, सौसर और पांढुर्णा जैसे इलाकों में उन्होंने अवैध शराब की दुकानों और अहातों को बंद करने के लिए कई बार आंदोलन किए। उनका कहना है कि इन शराब ठेकों से अपराध बढ़ते हैं और परिवार टूट रहे हैं। लेकिन लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन के बावजूद अब तक प्रशासन ने उनकी एक भी मांग पर ध्यान नहीं दिया।धमकियों से घिरी गुलाबी गैंग कमांडरहाल ही में जब पूर्णिमा वर्मा ने अवैध अहातों का खुलासा किया और शराबखोरी के खिलाफ मोर्चा खोला, तो शराब माफिया सक्रिय हो गया। तभी से उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस डर और दबाव के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी, लेकिन अब उन्होंने साफ कह दिया है कि अगर सरकार और प्रशासन चुप रहा तो वे अपनी जिंदगी खत्म करने का कदम उठाएंगी।

### सुरक्षा की मांग लेकर पहुंचीं जबलपुर आईजी ऑफिस

लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पूर्णिमा वर्मा मंगलवार को जबलपुर आईजी कार्यालय पहुंचीं। वहां उन्होंने लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की। आवेदन में उन्होंने साफ कहा कि वे समाज के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रही हैं और ऐसे में प्रशासन का कर्तव्य है कि उन्हें सुरक्षा दे। लेकिन अगर उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे इच्छा मृत्यु की अनुमति चाहेंगी।

### गुलाबी गैंग कमांडर ने दी आत्मदाह की चेतावनी

पूर्णिमा वर्मा ने प्रशासन को दिए अपने आवेदन में यह भी चेतावनी दी है कि वे छिंदवाड़ा के मानसरोवर चैक पर पांच अन्य महिलाओं के साथ आत्मदाह करेंगी। उनका कहना है कि जब सरकार शराब माफिया के सामने बेबस हो चुकी है और जनता की सुरक्षा नहीं कर पा रही, तो ऐसे हालात में जीने का कोई मतलब नहीं रह जाता।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई शिकायत

पूर्णिमा वर्मा ने यह मामला केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और मध्यप्रदेश के डीजीपी तक अपनी शिकायत और सुरक्षा की गुहार भेजी है। उनका कहना है कि अगर समय रहते हस्तक्षेप नहीं हुआ तो वे और उनके साथी महिलाएं खुद को जिंदा जला लेंगी।

### समाज के लिए चल रही लड़ाई

पूर्णिमा वर्मा का कहना है कि यह लड़ाई किसी व्यक्तिगत फायदे के लिए नहीं है। वे चाहती हैं कि शराब की दुकानों से युवाओं और महिलाओं का जीवन बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध, घरेलू हिंसा और सामाजिक बर्बादी बढ़ रही है और इसे खत्म करना बेहद जरूरी है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों 14 साल से लगातार शराब माफिया के खिलाफ लड़ रही एक महिला को सुरक्षा नहीं दी गई? क्यों अब तक अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई? अगर वाकई पूर्णिमा वर्मा आत्मदाह कर लेती हैं तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? यह मामला अब सिर्फ छिंदवाड़ा या जबलपुर का नहीं है। यह सवाल पूरे प्रदेश का है। यहां सवाल खड़ा होंगे कि क्या समाज के लिए आवाज उठाने वाली एक महिला को शराब माफिया के सामने अकेला छोड़ दिया जाएगा, या प्रशासन उसकी लड़ाई में उसका साथ देगा ?

## पिपरिया गांव से चोरी हुई भैंस पोड़ी गरादा में बरामद

**सतना।** परसमनिया पहाड़ क्षेत्र में भैंस चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं,जिससे ग्रामीण परेशान हैं। अब तक दो दर्जन से ज्यादा भैंस चोरी हो चुकी हैं।इसी क्रम में,पिपरिया गांव के रहने वाले सुशील उर्फ भैयाराम विश्वकर्मा की दो भैंस दो दिन पहले चोरी हो गईं। उन्होंने इसकी सूचना परसमनिया चौकी में दी। सूचना मिलते ही भैंस मालिक के साथ विजय यादव,मदन लाल यादव और गिरधारी लाल यादव जैसे ग्रामीण,उंचेहरा थाने में तैनात सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह,आरक्षक संतोष कुमार और अनुराग जैसवाल के साथ पोड़ी गरादा गांव पहुंचे। जांच के दौरान पता चला कि परसमनिया गांव के काशीदीन यादव ने ये भैंसें व्यापारियों को बेच दी थीं। पुलिस ने इस मामले में वाहन को जब्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि चोरों और उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके। यह घटना दर्शाती है कि क्षेत्र में पशु चोरी का एक संगठित गिरोह सक्रिय है। पुलिस और ग्रामीणों के बीच सहयोग से ही इन चोरियों को रोका जा सकता है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# जमीन के सौदे में 15 लाख का चेक बाउंस



## सेवानिवृत्त डीएसपी को दो साल की सजा जिला सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला, पीड़ित को 17.20 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश

**रीवा।** जमीन बिक्री के बदले 15 लाख रुपए का चेक बाउंस होने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रीवा ने सेवानिवृत्त डीएसपी रमाशंकर पाण्डेय पुत्र लखनलाल पाण्डेय 65 वर्ष निवासी द्वारिका नगर अमहिया को दो वर्ष का कारावास व परिवादी को प्रतिकर सहित 17 लाख 20 हजार रुपए की राशि अदा करने का आदेश सुनाया है। प्रतिकर की राशि अदान करने के व्यतिक्रम में अभियुक्त को 6 माह के साधारण कारावास की सुजा भुगतायी जाएगी। प्रकरण की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ऋतेश गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित राजकुमार गुप्ता निवासी जानकी पार्क ने अपने स्वत्य की नया करहिया पुराना अगडाल स्थित जमीन की बिक्री सन 2020 में की थी। बताया गया कि 1.20 एकड़ जमीन राजकुमार गुप्ता व 60 डिसमिल जमीन योगेश प्रसाद श्रीवास्तव की थी, जिसका सौदा 63 लाख रुपए में हुआ था। बताया गया कि उक्त भूमियों की जमीन 63 लाख दर्शाने पर रजिस्ट्री खर्ज जादा आता जिससे 24 लाख दर्शाई गई जो 3 नवंबर 2020 को दी गई थी। बताया गया कि इस बीच अलग-अलग किस्तो में कुछ पैसा दिया गया जिसमे 15 लाख रुपए बकाया था। शेष राशि की मांग करने पर रामशंकर पाण्डेय ने यूनियन बैंक का चेक 4 जून 2024 का दिया था। जब 7 जून को चेक लगाया गया तो डोरमेंट एकाउंट की टीम के साथ वह वापस आ गया। जिसके बाद पीड़ित ने चेक अनादरण के संबंध में अभियुक्त को सूचना पत्र भिजवाया ने जवाब नहीं दिया गया जिसके बाद वो न्यायालय की शरण में गए। न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर परिवारी को 17 लाख 20 हजार रुपए देने के आदेश के साथ ही अभियुक्त को सजा से दण्डित किया है।

# रीवा में अब हाईवे बना अपराधियों का अड्डा, मनगवां में महिला से लूट गहने और नकदी लेकर फरार हुए बदमाश



**रीवा।** रीवा जिले में हाईवे पर सक्रिय बाइकर्स गैंग लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। ताजा मामला मनगवां थाना क्षेत्र का है, जहां सोमवार शाम एक महिला को उस समय निशाना बनाया गया जब वह अपने पति के साथ बाइक से सफर कर रही थी।बता दे वारदात मनगवां थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे पर सेंगरी पुल के पास हुई। अंधेरा होने के साथ ही दोपहिया वाहन पर सवार बदमाशों ने तेजी से महिला का पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता सीमा देवी वर्मा, निवासी ग्राम खाम्हा, ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पर्स में कीमती आभूषण और नकद रुपये रखे थे।महिला के अनुसार, बदमाशों ने करीब 1 लाख रुपये मूल्य के सोने के लॉकेट, चेन सहित 300 रुपये नकद भी लूट लिए। इस दौरान पीड़िता और उनके पति अचानक हुई इस वारदात से सहम गए, लेकिन जब तक वे कुछ समझ पाते, आरोपी फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही मनगवां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### लगातार बढ़ रही हैं लूट की घटनाएंः

जिले में बीते कुछ महीनों से लूट, छिनैती और राहजनी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। खासकर शहर सहित नेशनल हाईवे और उससे सटे इलाकों में बाइकर्स गैंग का आतंक साफ देखा जा सकता है। इससे पहले सिविल लाइन और कोष्टा क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं ही निशाना बनी हैं। वही अब तक की घटनाओं में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

**बड़े पिता की शिकायत पर पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को किया गिरफ्तार**

# ऑनलाईन गेम के चक्कर में घर में की चोरी, जेवर रखे गिरवी, 8 लाख गॅवाये

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ऑनलाईन गेमिंग के फेर में ग्राम कायदी के 19 वर्षीय युवक द्वारा अपने ही घर के जेवर व नगदी चोरी कर लगभग 8 लाख रुपये की राशि गॅवा देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। इस संबंध में युवक के बड़े पिता द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड की मॉग की हैं।

पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के वार्ड नम्बर 3 में रहने वाले गजेन्द्र पिता धन्नालाल दमाहे 52 वर्ष द्वारा 25 अगस्त को पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित शिकायत की गई कि उनके परिवार के युवक सिद्धांत पिता सुरेन्द्र दमाहे 19 वर्ष द्वारा घर के जेवर व नगदी रकम की चोरी कर ली गई हैं। जिसमें से जेवरों को गिरवी रखा गया हैं।

शिकायत के बाद पुलिस ने युवक सिद्धांत दमाहे को गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की, तो पता चला कि उसके द्वारा चोरी किए गए जेवर व नगदी रकम को ऑनलाईन गेम में लगाया गया था, जिसमें वह पूरी रकम गॅवा बैठा हैं। यह भी जानकारी सामने आई कि युवक के पिताजी और उनके 4 भाई सहित 5 भाई थे। जिनमें से 2 भाईयों की मौत हो चुकी हैं और शेष 3 भाईयों के परिवार पास-पास ही रहते हैं। इस परिवार के कुछ सदस्यगण 7 अगस्त से पंजाब के व्यास में सत्संग में गए हुए थे। जो 25 अगस्त को वापस लौटे।



जब परिवार के सदस्य वापस लौटे, तो उन्होंने अपनी आलमारियों में जेवर व नगदी रकम गायब पाई। जिस पर घर में ही पूछताछ प्रारंभ हुई, तो सिद्धांत ने जेवर व नगदी चोरी कर ऑनलाईन गेम में हार जाने की बात बताई। गिरवी रखे हुए जेवरों की रसीद भी सिद्धांत के कमरे से बरामद हुई हैं। इस घटनाक्रम से परिजन स्तब्ध हैं और कुछ समझ नहीं पा रहे हैं कि एक 19 वर्षीय युवक को ऑनलाईन गेम की लत कैसे और कब लग गई? फिलहाल पुलिस ने युवक सिद्धांत के खिलाफ अपराध क्रमांक 450/25 धारा 305(ए) दर्ज कर मामले को जॉच में ले लिया हैं।

# दुनिया में अनोखी! एक पत्थर से तराशी गई गणपति की जुड़वा मूर्तियां

जगदलपुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी पूरे विश्व में विख्यात है। बारसूर गांव में एक ही स्थान पर 147 प्राचीन मंदिर मौजूद हैं। इन मंदिरों में भगवान शिव, विष्णु, पार्वती और गणेश की अद्भुत प्रतिमाएं स्थापित हैं। खासकर जुड़वा गणेश की प्रतिमा, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग पहुंचते हैं।

### जुड़वा गणेश

बारसूर गांव को देवनगरी कहा जाता है, क्योंकि यहां रियासत काल में 147 मंदिर और 147 तालाब थे। आज भी यहां के मंदिर इतिहास और आस्था का संगम पेश करते हैं। इस देवनगरी में विश्व की तीसरी बड़ी भगवान गणेश की प्रतिमा है। जिसे जुड़वा गणेश कहा जाता है।

### जुड़वा गणेश की अद्भुत प्रतिमा

बारसूर का गणेश मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां एक ही पत्थर पर बनी जुड़वा गणेश की प्रतिमा है, जो हजार साल पुरानी बताई जाती है। यह प्रतिमा दुनिया की पहली और एकमात्र जुड़वा गणेश प्रतिमा है।



### विशालकाय गणेश मूर्तियां

मंदिर में भगवान गणेश की दो प्रतिमाएं हैं। एक 7.5 फीट ऊंची और दूसरी 5.5 फीट ऊंची। दोनों प्रतिमाएं मोनोलिथिक हैं, यानी इन्हें एक ही विशाल पत्थर से गढ़ा गया है। इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा माना जाता है।

### चित्रलेखा की भगवान गणेश के प्रति आस्था

कहा जाता है कि 11वीं शताब्दी में बस्तर के नागवंशी शासक राजा बाणासुर ने यह प्रतिमा बनवाई थी। यह उनकी बेटी उषा और मंत्री कुभांडु की बेटी चित्रलेखा की भगवान गणेश के प्रति आस्था का प्रतीक है।



### श्रद्धालु

इस गणेश चतुर्थी पर जुड़वा गणेश मंदिर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। बस्तर भ्रमण करने वाले पर्यटक यहां आकर इस अनोखी प्रतिमा और मंदिर की भव्यता का अनुभव जरूर करते हैं।

## रोचक खबरें

## ऑस्ट्रेलिया में मिला 1.6 करोड़ साल पुरानी मकड़ी का जीवाश्म



**सिडनी।** पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में एक दूर-दराज की जगह पर वैज्ञानिकों की एक टीम ने बहुत ही पुरानी मकड़ी का जीवाश्म खोजा है। इसे जिस तरह से बचाया गया है और इसका आकार इतना खास है कि इसने वैज्ञानिकों के इस महाद्वीप पर मकड़ियों के विकास को देखने का नजरिया ही बदल दिया है। यह मकड़ी डायनासोर के खत्म होने के बहुत बाद तक जिंदा रही। इसकी बनावट इतनी शानदार है कि इसकी तुलना ऐसे शिकारी से की जा रही है, जो पुराने समय में बड़े-बड़े जीवों के बीच भी रह सकता था।

यह जीवाश्म न्यू साउथ वेल्स के मैकग्राथ्स फ्लैट में मिला है और यह नई प्रजाति कि ट्रैपडोर मकड़ी का है जिसका नाम मेगामोनोडोंटियम मैक्लुस्की है। यह मकड़ी 23 मिलीमीटर से भी ज्यादा लंबी है, जो ऑस्ट्रेलिया में पाई जाने वाली आज की मकड़ियों से 5 गुना बड़ी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह आस्ट्रेलिया में मिली अब तक की सबसे बड़ी जीवाश्म मकड़ी है। ऑस्ट्रेलिया में अब तक सिर्फ 4 मकड़ियों के ही जीवाश्म मिले हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये 1.1 से 1.6 करोड़ साल पहले मौजूद था।

### कैसा हुआ करता था ये इलाका?

यह जीवाश्म न्यू साउथ वेल्स में गुलगॉन्ग के पास मैकग्राथ्स फ्लैट नाम की जगह पर मिला है। इस जगह पर हाल ही में मायोसीन युग के कई जीवाश्म मिले हैं। आज इस क्षेत्र में खुले घास के मैदान हैं, लेकिन जब यह मकड़ी जिंदा थी तब यह हरा-भरा वर्षावन हुआ करता था। जीवाश्म विज्ञानी डॉ. मैथ्यू मैककरी ने बताया कि, ऐसे जीवाश्म सिर्फ एक-एक नमूना नहीं देते बल्कि पूरे जैविक का इतिहास बताते हैं।

## भीलवाड़ा में अनोखी परंपरा निभाई, अच्छी बारिश के बाद गधों को गुलाब जामुन की दावत!

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले में इस बार मानसून ने जमकर मेहरबानी दिखाई है। इंद्र देवता की कृपा से खेत-खलिहानों में हरियाली लौट आई है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई है। इसी खुशी को व्यक्त करने के लिए जिले के गंगापुर-सहाड़ा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत महेंद्रगढ़ में ग्रामीणों ने एक अनोखी परंपरा निभाई है। अच्छी बारिश होने के बाद आभार जताने के लिए गांव में गधों को गुलाब जामुन की दावत दी गई हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और गधों को सजाकर, तिलक लगाकर, माला पहनाकर व उनकी आरती उतारकर खुशियां बांटीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अद्भुत नजारे का आनंद लिया और तालियां बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा बहुत पुरानी है, मान्यता है कि जब बारिश नहीं होती तो गधों को खास तौर पर याद किया जाता है और उन्हें दावत देकर खुश किया जाता है। कहा जाता है कि गधों के सम्मान से भगवान इंद्र प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। यही कारण है कि ग्रामीणों ने संकल्प लिया था कि यदि गांव में झमाझम बरसात होगी तो गधों को गुलाब जामुन खिलाए जाएंगे।



## कोलंबिया में मिली इंसानों की 6000 साल पुरानी प्रजाति, डीएनए रिसर्च में चौंकाने वाला खुलासा

**बोगोटा।** कोलंबिया के वैज्ञानिकों ने बोगोटा के पास खुदाई में मिले प्राचीन अवशेषों के डीएनए की पूरी जांच करने के बाद इंसान की नई प्रजाति की खोज की है। इसके बारे में पहले कोई भी जानकारी मौजूद नहीं थी। वैज्ञानिकों ने इस समूह को चेकुआ नाम दिया है, जो करीब 6,000 साल पुराना है। इससे पहले कभी भी इनके जीन की पूरी जांच नहीं की गई थी। नेशनल यूनिवर्सिटी के जेनेटिक्स इंस्टीट्यूट ने इस पर और कई सारी जानकारियां दी हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी के जेनेटिक्स इंस्टीट्यूट की रिसर्चर डॉ. एंड्रिया कासा ने बताया, जब हमने इसकी तुलना अमेरिका के दूसरे हिस्सों से मिले जीवों से करना शुरु की को पता चला कि कुंडीबॉयसेन्स पठार पर मिले ये जीव एक ऐसे वंश के थे , जिनके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली थी, यह एक नया वंश है। चेकुआ में हुई इस खोज में 30 लोगों के अधूरे अवशेष और एक लगभग सही-सलामत खोपड़ी मिली है। इस समूह के 6 लोगों के डीएनए की जांच पूरी हो चुकी है, जिन्हें 1987 और 2003 के बीच अलग-अलग खोजों में मिले अन्य अवशेषों के साथ इस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया था।



कासा ने बताया, चेकुआ के अवशेषों के उलट बाकी अवशेषों का डीएनए पनामा में मिले अवशेषों से मिलता-जुलता है। इससे पता चलता है कि वे उन समूहों का हिस्सा थे, जो करीब 20,000 साल पहले बेरिंग जलडमरूमध्य से दक्षिण की तरफ पलायन करते हुए मध्य अमेरिका और कोलंबिया से होकर गुजरे थे।

**चेकुआ से आए लोगों का क्या हुआ?**

वैज्ञानिकों को इस बारे में पूरी तरह से जानकारी नहीं है। लेकिन, कासा ने बताया कि हो सकता है कि ये समूह एक अलग-थलग रहने वाला शिकारी और खानाबदोश समुदाय रहा हो। उन्होंने यह भी कहा कि ये समूह मौसम की वजह से किसी बीमारी से या खाने की कमी के कारण खत्म हो गया होगा।

# एआई से बनी लगती है दुनिया की सबसे दुर्गम लाइब्रेरी, चट्टान पर लगी हैं किताबें!

**बीजिंग।** इंसान जहां रहता है वहां सारी सुविधाएं भी चाहता है। वह चाहता है कि इन सुविधाओं के साथ उसे कुदरत का साथ भी मिले तो कितना अच्छा होगा। यही वजह है कि शहर यूं तो सुविधाओं से भरपूर होते हैं, फिर भी बहुत से लोग शहरों को पसंद नहीं करते हैं। वे कुदरत के समीप रहने के साथ ही शांति और एकांत भी चाहते हैं, जो उन्हें शहरों में नहीं मिल सकता है। लाइब्रेरी भी ऐसी जगह है जहां लोग शांति से पढ़ना चाहते हैं और वहां दुनिया की हर किताब पढ़ने को मिल सके। फिर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच बनी रहे लाइब्रेरी बहुत दूर या एकांत में नहीं बनाई जाती है। पर चीन के गुआंक्सी प्रांत के मियानहुआ गांव के पास स्थित मियानहुआ लाइब्रेरी एक अनोखा पुस्तकालय है, जिसे चट्टान की दीवार में बनी एक बड़ी गुफा में बनाया गया है।



### अलग ही नजारा दिखता है बाहर से

यहां पहुंचने से पहले आपको बिल्कुल भी अहसास नहीं होगा कि आप किसी लाइब्रेरी में जा रहे हैं। बाहर से देखने पर आपको लगेगा कि चट्टानों पर लटकने वाले लकड़ी के रास्ते और बालकनियां बनाई गई हैं। लेकिन, अंदर पहुंचने के बाद हालात बिल्कुल ही अलग नजर आते हैं। आपको दीवार पर हजारों की संख्या में किताबें ही किताबें रखी नजर आती हैं।

### खासे रखरखाव की जरूरत

दिलचस्प बात ये है कि लाइब्रेरी पूरी तरह से गुफा के अंदर नहीं है। इसके चट्टान की तरफ के रास्ते और किताबें रखने की जगहों को मौसम, खास तौर से नमी ने बचा कर रखना होता है। किताबों को खास तौर से नम हवा से बचाने में मशक्कत करनी होती है। यहां तक कि तापमान भी कायम रखना होता है।

### इसी साल खुली है ये लाइब्रेरी

खास बात ये है कि ये लाइब्रेरी इस साल मई में खुलने के बाद से ही चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। आमतौर पर लाइब्रेरी ऑनलाइन चर्चा का विषय नहीं बनतीं, लेकिन यह साधारण लाइब्रेरी नहीं है। यह न केवल पुस्तक प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि उन यात्रियों के लिए भी खास जगह है जो मनमोहक नजारों की तलाश में रहते हैं।

### टूरिस्ट प्लेस के तौर पर ज्यादा मशहूर

ऐसा नहीं है कि यह चट्टान किसी शहर में या शहर के पास है। मजेदार बात ये है कि ये पूरी तरह से ग्रामीण इलाके में बनी हैं। स्थानीय लोग तो इस लाइब्रेरी में तो आ सकते हैं, लेकिन यह लाइब्रेरी पुस्तकालय के रूप में नहीं, बल्कि एक टूरिस्ट प्लेस के तौर पर ज्यादा मशहूर हो रही है। यहां चीन के कोने-कोने से लोग आते हैं और यहां के कुदरती नजारे उन्हें निराश भी नहीं करते हैं।



### एआई का नहीं है कमाल

जी हां, यहां आकर आप कुदरत के अनूठे नज़ारों का आनंद ले सकते हैं। दिलचस्प बात ये है कि हरी-भरी वादियों से घिरी ये लाइब्रेरी ऊंची चट्टान के किनारे बसा हुआ है। देखने में ऐसा लगता है मानो इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया है। लेकिन ,असल में यह चट्टानों को काट कर बनाई गई है।

# नींद में भी लाखों कमा रही महिला, सोता देखने के लिए लोग देते हैं रुपए



**ब्रासीलिया हवे।** आजकल पैसे कमाना काफी आसान है बस आपको कमाने का सही तरीका पता होना चाहिए। एक महिला सिर्फ नींद में लाखों कमा ले रही है। ये एक कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर है, जिसे सोता देखने के लिए लोग लाखों रुपए खर्च कर दे रहे हैं। महिला ने अब अपनी लाइफ के बारे में बताया है। आप भी कमाने का ये तरीका जानकर हैरान हो जाएंगे. आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट ने कंटेंट क्रिएशन को एक अलग ही आयाम दे दिया है। कभी सिर्फ मनोरंजन के लिए बनाई जाने वाली सामग्री अब करोड़ों की कमाई का जरिया बन चुकी है। इसी कड़ी में ब्राजील की एक 32 वर्षीय इन्फ्लुएंसर डेबोरा पिक्सोटो का नाम सामने आया है, जो अपनी अनोखी स्ट्रीमिंग के जरिए सुर्खियों में हैं। डेबोरा दावा करती हैं कि उनके फैंस उन्हें सिर्फ सोते हुए देखने के लिए पैसे चुकाते हैं। उनका कहना है कि लोग उन्हें रात भर सोते हुए लाइव देखने के लिए 84 पाउंड (लगभग 115 डॉलर यानी करीब 9,500 रुपए) तक खर्च करने को तैयार हैं। डेबोरा ने इसे अपना 'नाइट टाइम रियलिटी शो' नाम दिया है, जिसमें हर रात करीब 40 लोग उनके सोने का लाइव दृश्य देखते हैं।

### बेच चुकी हैं 40 से ज्यादा सब्सक्रिप्शन

भले ही यह कॉन्सेप्ट थोड़ा असामान्य लगे, लेकिन डेबोरा ने यह भी सुनिश्चित किया है कि उनकी निजता सुरक्षित रहे। पूरा स्ट्रीमिंग सिस्टम उन्हीं के नियंत्रण में है और इस तरह से डिजाइन किया गया है कि उनकी प्राइवेसी से कोई समझौता न हो। डेबोरा कहती हैं, 'आइडिया यह है कि दर्शक को ऐसा लगे जैसे वह मेरे कमरे में मौजूद है। कुछ नहीं होता, और यही बात लोगों को पसंद आती है। जहां कोई स्टिम्युलस नहीं है, वहीं उनके लिए यह स्टिम्युलस बन जाता है।' डेबोरा का कहना है कि अब तक वह 40 से ज्यादा सब्सक्रिप्शन बेच चुकी हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है दिलचस्प बात यह है कि यह दर्शक बहुत लॉयल हैं और बार-बार उनकी इस अनोखी सेवा का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनका कहना है कि हर व्यक्ति को कंटेंट में अलग-अलग चीजें चाहिए होती हैं। जहां कुछ लोग एक्शन, ड्रामा या रोमांच चाहते हैं, वहीं उनके दर्शकों के लिए यह खामोशी और नज़दीकी का एहसास ही सबसे बड़ी आकर्षण शक्ति है।

### 9 हजार से ज्यादा रुपए करती है चार्ज

डेबोरा बताती हैं कि शुरू में उन्हें यह सब अजीब लगा, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने महसूस किया कि उनके दर्शकों को इसमें एक अलग तरह की शांति और अपनापन महसूस होता है। उनके मुताबिक, कई पुरुष उन्हें मैसेज भेजकर कहते थे कि उन्हें कुछ करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ वहां खामोशी में मौजूद रहना ही काफी है।

इसी मांग को देखते हुए उन्होंने इसे एक कमर्शियल प्रोडक्ट में बदलने का फैसला किया। डेबोरा ने अपने कमरे को इस तरह से सजाया है कि यह एक सिक्योरिटी कैमरा फुटेज जैसा दिखे। हल्की रोशनी वाला कमरा, फिक्स्ड कैमरा एंगल, बिना किसी बैकग्राउंड म्यूजिक या कट के, पूरा सेटअप ऐसा है मानो कोई कैमरा सीधे उनके बेडरूम में लगा हो।

# विज्ञान ने भी माना...हिमालयी जड़ी बूटियों में है बीमारियों का इलाज

**नई दिल्ली।** सदियों से आदिवासी हिमालय के औषधीय पौधों में पाई जाने वाली दवाई के तत्वों का इस्तेमाल इलाज के लिए करते आ रहे हैं। अब इस पुराने इलाज के तरीकों को वैज्ञानिकों की मान्यता मिल गई है। यह रिसर्च शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राधा ने की है। उनकी रिसर्च एथनोफार्माकोलॉजी और केमिस्ट्री एंड बायोडायवर्सिटी जैसी बड़ी पत्रिकाओं में छपी है। इस रिसर्च से हिमालय की जनजातियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक तरीके सही साबित हुए हैं। यह अहम खोज बॉम्बैक्स सीबा के फूलों पर हुई है। आदिवासी समुदाय लंबे समय से इन फूलों का इस्तेमाल अस्थमा, बुखार, घाव और पाचन से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए करते आ रहे हैं। डॉ.राधा की रिसर्च से पता चलता है कि इन फूलों में फिनोल, फ्लेवोनोइड और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये तत्व इसे सूजन कम करने और कोशिकाओं को ठीक करने में काफी असरदार बनाते हैं।



**कितने औषधियों पर हुई रिसर्च?**

गद्दी, किन्नौरा और जौनसारी जैसी हिमालयी जनजातियों के सर्वे के आधार पर डॉ. राधा ने 1600 से ज्यादा औषधीय और खाने लायक पौधों के बारे में जानकारी इकट्ठा की। इनमें से टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया (गिलोय) अपने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और संक्रमण से लड़ने वाले गुणों के लिए जाना जाता है जो इंसान और जानवर दोनों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

एडवांस्ड नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की मदद से भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर किया गया। उनका काम दिखाता है कि कैसे पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ मिलाकर दुनिया भर की स्वास्थ्य समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। डॉ. राधा ने कहा, यह यात्रा सिर्फ रिसर्च नहीं, बल्कि हिमालय की विरासत का सम्मान करते हुए भविष्य के लिए टिकाऊ दवाइयां और खाने की चीजों के बारे में है।

### इन नतीजों से क्या साबित होता है?

सूजन को कम करने और कोशिकाओं को ठीक करने में असरदार इन तत्वों की वैज्ञानिक मान्यता मिलने से ये साबित होता है कि, इन फूलों का इस्तेमाल सांस से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए खास तरह के खाने से लेकर सप्लीमेंट्स बनाने में भी किया जा सकता है। इसके अलावा एक जरूरी रिसर्च प्रिंसेपिया यूटिलिस नाम के पौधे पर की गई। इस पौधे का इस्तेमाल पारंपरिक तौर पर घाव भरने और त्वचा की देखभाल करने के लिए किया जाता है।

# महिलाओं के लिए बने 5 अजीबोगरीब कानून जो सुनने में आपको लग सकते हैं मजाक

**नई दिल्ली।** यमन देश के कानून में महिलाओं को 'आधा गवाह' माना जाता है। यानी कि यमन की अदालतें महिलाओं की गवाही को पूरा नहीं मानती। अगर इन्हें पुरुष का समर्थन ना मिले तो उनकी गवाही को गंभीरता से नहीं लिया जाता।

**पति की मर्जी के बिना नहीं मिलता तलाक:** इजराइल में जेरूसलम पोस्ट के अनुसार, इजराइल में कानूनी अदालतें यहूदी कानून के आधार पर चलती हैं। यहां जो महिलाएं अपने पतियों से तलाक लेने की कोशिश करती हैं, उन्हें पहले अपने पति से मंजूरी लेनी होती है।



**पुरुषों के खेल से दूर:** ईरान में मौजूद इस्लाम धर्म गुरुओं के मुताबिक, महिलाओं को पुरुषों के खेल से दूर रहना चाहिए। जिस कारण यहां की महिलाएं मैदान में जाकर फुटबॉल मैच नहीं देख सकतीं।

**रूस :** महिलाओं को कुछ खास नौकरियां (जैसे मेट्रो ड्राइवर, जहाज के डेक पर काम, खतरनाक फैक्ट्री जॉब्स) करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन 2021 में इन पर लगे कई प्रतिबंध हटाए दिए गए हैं।

**मशीन नहीं कर सकतीं ठीक:** पाकिस्तान में महिलाओं को मशीनों को ठीक करने की इजाजत नहीं है। यहां कानून बनाने वाले लोगों को ऐसा लगता है कि ये काम सिर्फ पुरुषों का है, इसलिए महिला को इससे दूर रहना चाहिए।

# यू-ट्यूबर्स अपने कंटेंट के लिए सार्वजनिक माफी मांगें और केंद्र सरकार सख्त दिशा-निर्देश बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कॉमेडियन्स और यूट्यूबर्स को सख्त निर्देश देते हुए दिव्यांगों पर आपत्तिजनक कंटेंट न बनाने की चेतावनी दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कोई कंटेंट बनाया गया है तो तुरंत इसके लिए माफी मांगी जाए। स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के मामले से जोड़ते हुए कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कभी भी हुआ तो यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय रैना समेत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आदेश दिया है कि वो दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए अपने पॉडकास्ट और कार्यक्रमों में सार्वजनिक माफी मांगें। कोर्ट ने कहा कि दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ही क्यों न हों। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि ऐसे बयानों और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट गाइडलाइंस बनाई जाएं।

**दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर इलाहाबादिया और रैना को सुप्रीम फटकार**

## शीर्ष कोर्ट ने कहा- दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो



### सरकार व्यापक ढांचा तैयार करे

कोर्ट ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के लिए नियम बनाते समय जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, बल्कि सभी पक्षों की राय लेकर व्यापक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी ऐसे कमर्शियल कंटेंट पर लागू नहीं हो सकता, जिससे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों।इसके साथ ही कोर्ट ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के होस्ट समय रैना की माफी पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्होंने पहले खुद का बचाव करने की कोशिश की थी, फिर माफी मांगी।

**दिव्यांगों पर तंज महंगा पड़ेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि दिव्यांगों का अपमान करने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। कोर्ट ने टिप्पणी की कि आज के दौर में जब अभिव्यक्ति का माध्यम व्यावसायिक लाभ से जुड़ा है, तो जिम्मेदारी भी उतनी ही अधिक बढ़ जाती है।

### समय रैना पर आरोप?

कॉमेडियन समय रैना पर आरोप है कि उन्होंने अपने दो वीडियो में रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारी 'स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी' से पीड़ित मरीजों पर असंवेदनशील टिप्पणियां कीं और नेत्रहीन और भेंगापन झेल रहे लोगों का भी मजाक उड़ाया।



**इन्फ्लुएंसर्स को हलफनामा देना होगा**

कोर्ट ने इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि वो हलफनामा दाखिल करें, जिसमें यह बताया जाए कि वे अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने में कैसे करेंगे। फिलहाल इन्फ्लुएंसर्स को हर सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से मौजूद होने की जरूरत नहीं है, बशर्ते वो दिए गए निर्देशों का पालन करें।

चुनाव विशेषज्ञ संजय पर एफआईआर

## सार्वजनिक माफी मांगने पर नहीं होगी दंडात्मक कार्रवाई

कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि सार्वजनिक माफी के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं।



**एफआईआर में गलत जानकारी फैलाने का आरोप**

एफआईआर में उन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया गया है। लोगों को भ्रमित करने का आरोप है।

**एफआईआर रद्द करने की दी थी याचिका**

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) में लोकनीति के सह-निदेशक संजय कुमार ने महाराष्ट्र में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

---

एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

# कैश प्राइज और एलन फीस में 90% तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में शामिल एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देशभर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरुआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों मोड में यह परीक्षा इस वर्ष 5 व 12 अक्टूबर को होगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



### 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ की दी जाएगी स्कॉलरशिप

अग्रवाल ने बताया कि टैलेंटेक्स में स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ रुपए के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

### स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगा

*यह परीक्षा स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस का विश्लेषण करने में मदद करती है। टैलेंटेक्स में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगा। इस इंडेक्स के माध्यम से स्टूडेंट्स यह पता कर सकता है कि यदि वह जेईई, नीट, सीए व सीएस जैसी परीक्षाओं में शामिल होता तो उसकी क्या नेशनल रैंकिंग रहती।*

## सुजुकी भारत में अगले 5-6 सालों में 70 हजार करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सुजुकी भारत में अगले 5-6 सालों में 70,000 करोड़ करेगी निवेश, ई -विटारा के लांच से नए सफर की शुरुआतग्लोबल सुजुकी के प्रेसिडेंट तोशीहिरो सुजुकी ने मंगलवार को ई-विटारा के लांच इवेंट में बताया कि गुजरात का प्लांट आने वाले समय में दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब में शामिल होगा।

यहां हर साल 10 लाख यूनिट बनाने की क्षमता होगी। सुजुकी के टॉप मैनेजमेंट के मुताबिक इस बड़े निवेश का मुख्य उद्देश्य भारत में प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाना, नए मॉडल लांच करना और कंपनी के मार्केट शेयर को मजबूत बनाए रखना है। सुजुकी पहले ही भारत में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश कर चुकी है. कंपनी का दावा है कि इस निवेश से अब तक करीब 11 लाख डायरेक्ट जॉब्स पैदा हुई हैं।

करोड़पति हुआ चेंबर, बचत खाते में 1 करोड़, 1 लाख 25 हजार से अधिक राशि जमा

## भोपाल चेंबर की कार्यकारिणी की मासिक बैठक, चुनाव 15 दिसंबर के पश्चात होंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी व्यापारिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई)के चुनाव 15 दिसंबर 2025 के पश्चात होंगे। भोपाल चेंबर की वार्षिक साधारण सभा 20 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे, दिगंबर जैन मंदिर कोहेफिजा, भोपाल में आयोजित होगी।

यह निर्णय कोहेफिजा स्थित भोपाल चेंबर ऑफ कामर्स कार्यालय में हुई कार्यकारिणी की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता बीसीसीआई के अध्यक्ष और अपने कुशल कार्यप्रणाली एवं कर्तव्य निष्ठा का पालन कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अमलीजामा पहनने वाले डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली ने की। बैठक में सबसे पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट रिपोर्ट कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार बांगड़ ने सदन के समक्ष प्रस्तुत किया और इस संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में अध्यक्ष डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भोपाल चेंबर आर्थिक रूप से बहुत मजबूत स्थिति में खड़ा है।



### गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए अंतिम तारीख में भी संशोधन

*भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सभी के सहयोग से करोड़पति हो गया है। एफडीआर एवं बचत खाते को 10185307 (एक करोड़ एक लाख पच्चासी हजार तीन सौ सात रुपए ) कुल राशि जमा है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए अंतिम तारीख पर भी संशोधन किया गया। गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए चुनाव के तारीख की घोषणा होने तक के लिए बढ़ाया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष, सुनील जैन 501, हरीश ज्ञानचंदानी, संजीव जैन, रोहित जैन, सुनील सिंघई, प्रदीप अग्रवाल, अजय देवनानी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।*

---

संविधान संशोधन बिल पर सतापक्ष और विपक्ष में तकरार

# राउत बिल पर बनी जेपीसी का हिस्सा नहीं होंगे, सरकार लोकतंत्र को कुचलने में लगी

## समिति को बताया मात्र दिखावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का हिस्सा नहीं होगी। राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस विधेयक के जरिए लोकतंत्र और चुनी हुई सरकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार संविधान संशोधन लाकर लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को खत्म करना चाहती है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए बनाई गई जेपीसी केवल एक दिखावा है।



### ओवैसी बोले- क्या प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति हटा सकते हैं?

संशोधन विधेयक पर हैदराबाद सांसद ओवैसी ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पूछा कि सारी सरकारी एजेंसियों की नियुक्ति और तैनाती केंद्र सरकार के आदेश पर होती है। जब तक इनकी नियुक्ति स्वतंत्र रूप से नहीं होती तब तक यह केंद्र के अधीन ही काम करेंगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठेगा कि आखिर यह सरकार के इशारे पर काम करती हैं? इतना ही नहीं ओवैसी ने संविधान का हवाला देते हुए पूछा कि मंत्री परिषद के परामर्श पर काम करने वाले राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को कैसे हटा सकते हैं?





## ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स की चतुर्थ त्रि-वार्षिक सभा का आयोजन

**जबलपुर।** ऑल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरिज संगठन मंडलीय इकाई जबलपुर मध्यप्रदेश की चतुर्थ त्री वार्षिक सभा का विगत दिवस आयोजन हुआ। जिसमें जबलपुर, छिंदवाड़ा, दमोह एवं कटनी के पेंशनरों ने सहभागिता की। मध्यप्रदेश राज्य सचिव वी. के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इकाई की नई कार्यकारिणी का चयन हुआ। नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए श्रीमती जरीना अमरजी को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। निर्मल मुटरेजा उपाध्यक्ष राजन सक्सेना सचिव, आर.के. जोशी सहसचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। सभा में प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र नेमा ने जबलपुर मंडलीय इकाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आभार अरूण विश्वकर्मा ने व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन पी.डी. दीक्षित ने किया।

## सेल्विन ने निवेश पर सहमति जताई

**जबलपुर।** सेल्विन ट्रेडर्स लिमिटेड (बीएसई – 538875)ने स्ट्रेटेजिक इक्विटी लिंक्ड पार्टनरशिप बनाने के लिए अमेरिकी निगमित कोर्पोरेशन शिवम कॉन्ट्रैक्टिंग इंक. (एससीआई) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत, एसटीएल ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एससीई की चल रही और भविष्य की परियोजनाओं में भाग लेने के लिए 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 52 करोड़ रुपये) तक का निवेश करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है।

SELLWIN TRADERS LIMITED

## आयुष यूजी काउंसलिंग के पंजीयन शुरू

**जबलपुर।** विभिन्न आयुष पाठ्यक्रमों जैसे कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा में मिलेगा प्रवेश की प्रतीक्षा कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आयुष यूजी काउंसलिंग का शेड्यूल जारी हो गया है। आयुष एडमिशन सेंट्रल काउंसलिंग कमेटी के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए राउंड 1 की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 22 अगस्त प्रारंभ हो चुकी है। पहले चरण की च्वाइस फिलिंग 26 अगस्त से होगी। काउंसलिंग के अंतर्गत अभ्यर्थियों को विभिन्न चरणों—पंजीकरण, चॉइस फिलिंग, सीट आवंटन और रिपोर्टिंग—से गुजरना होगा। नीट 2025 में सफल हुए सभी अभ्यर्थी इस काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेकर बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस और बीएसएमएस जैसे आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। पहले राउंड का परिणाम 4 सितंबर को संभावित है। रिपोर्टिंग 5 सितंबर से 12 सितंबर तक होगी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पैन पैंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पैंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825 (रायपुर /29/अगस्त//25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# चांदी 3,000 रुपए उछली व सोना 600 रुपए बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


कमजोर रुपये और मजबूत वैश्विक रुझानों के समर्थन से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछली बार 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं।



### चांदी बढ़कर हुई 1,18,000 रुपए प्रति किलो

सराफा एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमत 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के बाद निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले के कारण केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

## शब्द पहेली - 5970



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त,अकाल-5
20. प्रयास,कोशिश-5
23. टोंटी,नलका-2
24. कामदेव,पुष्कर-2,3
25. डर,भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा,नुकसान-2
6. मूर्ख,बेवकूफ-4
7. बिना कारण,बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम,संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह,किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्,अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5969 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5980

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANDAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5979 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।




हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो ?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।




# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।



## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

# 16 साल के रियो ने अंतिम पल में न्यूकैसल का सपना किया चकनाचूर

एजेंसी ▶▶| लंदन

सेंट जेम्स पार्क में खेले गए इस मुकाबले को प्रीमियर लीग के सबसे रोमांचक मैचों में गिना जाएगा। पांच गोल, एक रेड कार्ड, 10 खिलाड़ियों वाली न्यूकैसल यूनाइटेड ने जबरदस्त वापसी की लेकिन अंतिम समय यानी 100वें मिनट में लिवरपूल के 16 साल के खिलाड़ी रियो के निर्णायक गोल ने पूरा मुकाबला ही बदल दिया और विपक्षी टीम का सपना चकनाचूर कर दिया। लिवरपूल के युवा खिलाड़ी रियो न्गुमोहा ने सबसे कम उम्र में प्रीमियर लीग में गोल करके इतिहास रच दिया और अपनी टीम को जीत दिला दी।

### मैच से पहले तनावपूर्ण माहौल

इस मैच का बैकग्राउंड पहले से ही गर्म था। न्यूकैसल के स्टार स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक के संभावित लिवरपूल ट्रांसफर की अफवाहों ने माहौल को और अधिक उबाल दिया था। इसाक ने खुलेआम क्लब छोड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन न्यूकैसल ने 150 मिलियन की मांग पूरी हुए बिना उन्हें बेचने से इनकार कर दिया।

### एकिटिके भी रहे खबरों में

उधर, लिवरपूल के लिए नया स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके भी खबरों में थे। न्यूकैसल उन्हें साइन करना चाहता था, लेकिन वह लिवरपूल में शामिल हो गए। इससे न्यूकैसल के फैंस नाराज़ हो गए और मैच से पहले ही उन्होंने एकिटिके पर तंज कसा।

## लिवरपूल को दिलाई 3-2 से दमदार जीत



### एंथनी को रेड कार्ड, लिवरपूल का दबदबा

मैच की शुरुआत में न्यूकैसल यूनाइटेड ने आक्रामक रुख अपनाया और कई मौके बनाए, लेकिन अलेक्जेंडर इसाक की गैरमौजूदगी साफ़ झलक रही थी। लिवरपूल ने रयान ग्रेवेनबेर्च के ज़रिए बढ़त बनाई और फिर एकिटिके ने स्कोर 2-0 कर दिया। हालात तब और बिगड़ गए जब न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन को पहले हाफ के अंतिम क्षणों में वर्जिल वान डाइक पर फाउल करने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया।

### न्यूकैसल के ब्रूनो व ओसुला ने स्कोर किया बराबर

दूसरे हाफ की शुरुआत में न्यूकैसल ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपने सेट पीस का बखूबी इस्तेमाल किया। ब्रूनो गुइमारेस ने लिवरामेंटो के थ्रो-इन को गोल में बदला और फिर विलियम ओसुला ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ शानदार वापसी की और ऐसा लग रहा था कि मैच ड्रॉ पर खत्म होगा।

### रियो बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

मैच का सबसे खास और ऐतिहासिक पल 100वें मिनट में आया, जब 16 साल और 361 दिन के रियो न्गुमोहा ने गोल कर लिवरपूल को 3-2 से जीत दिला दी। इस गोल के साथ वह क्लब के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए और प्रीमियर लीग इतिहास में वेन रूनी के बाद चौथे सबसे युवा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बने।

### लिवरपूल चमकता सितारा

रियो न्गुमोहा का यह डेब्यू किसी सपने से कम नहीं था। अगर यह परफॉर्मेंस उनकी प्रतिभा की झलक है, तो लिवरपूल को भविष्य का एक चमकता सितारा मिल चुका है। मर्सीसाइड और टाइनसाइड आज रियो न्गुमोहा के नाम को लंबे समय तक याद रखेंगे।

## खबर संक्षेप



### ग्रैंडस्लैम एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बने वोंग

**न्यूयॉर्क।** इक्कीस वर्ष के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए। वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे लिये यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिये भी।'' वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा ,''यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी कीस



**न्यूयॉर्क।** आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में पदार्पण के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गई।

### हॉकी एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश

**राजगीर।** इंडिया ने घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा ,'' प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा। हीरो पुरूष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।

### बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक दलाल



**कोलकाता।** बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे। दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं।

## दलीप ट्रॉफी 2025 का आगाज 28 से, रोमांचक मैचों की श्रृंखला होगी शुरू

# किशन ईस्ट, शार्दुल वेस्ट, तिलक साउथ और शुभमन बने नॉर्थ जोन के कप्तान


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से हो जाएगी। इस घरेलू टूर्नामेंट में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेते हुए नजर आएंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करने वाले शुभमन गिल नॉर्थ जोन का नेतृत्व करते हुए नजर आएंगे।

बता दें कि उनके नेतृत्व में खेलते हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 आखिर में 2-2 से बराबर रही थी। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट की टीमें, शेड्यूल घोषित हो गया है। सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे।

### 28 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट

28 अगस्त को दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में नॉर्थ जोन का सामना साउथ जोन से होगा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन और साउथ जोन की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद 4 सितंबर से दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। आखिर में 11 सितंबर से फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह सभी मैच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-ए और बी, बेंगलुरु में खेले जाने तय हैं।



### साउथ जोन

टीम : तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन (उपकप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, और स्नेहल कौथंकर।



### ईस्ट जोन

टीमः ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप और मोहम्मद शमी।

### वेस्ट जोन



टीमः शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे और अर्जन नागवासवाला।

### सेंट्रल जोन की कप्तानी करेंगे ध्रुव जुरेल



टीमः ध्रुव जुरेल (कप्तान/ विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार और खलील अहमद।

### नॉर्थ जोन



टीमः शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन।

एशियाई चैम्पियनशिप

# राइफल निशानेबाज सिफत को एशियाई चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीतने के साथ भारत को टीम स्पर्धा में भी पीला तमगा दिलाया। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने फाइनल में 459 . 2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458 . 8) को हराया। वहीं सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में यह सामरा का चौथा स्वर्ण है। वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थी।

### सामरा और आशी फाइनल में पहुंचे

भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151 . 0 और प्रोन में 156 . 2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0 . 4 अंक आगे रही। जापान की नोबाता मिसाकी (448 . 2) को कांस्य पदक मिला। आशी 402 . 8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही।

### खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

क्वालीफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

केरल क्रिकेट लीग

# संजू ने एक गेंद पर बनाए 13 रन; गेंदबाज के उड़ाए होश





एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल क्रिकेट लीग 2025 में संजू सैमसन ने बल्ले से गजब का तमाशा दिखाया। एक ही गेंद पर दो छक्के लगाकर 13 रन बटोरे। संजू ने न केवल मैदान में बल्कि सोशल मीडिया पर भी तहलका मचा दिया।

लीग के मुकाबले में मंगलवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में संजू ने कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए त्रिशूर टाइटन्स के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन ठोके, जिसमें 4 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

### दूसरा सिक्स लगते ही झूम उठे दर्शक

मैच का सबसे रोमांचक पल पांचवें ओवर में आया, जब त्रिशूर टाइटन्स के कप्तान सिजोमन जोसेफ की गेंद पर सैमसन ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर लंबा छक्का जड़ा। अंपायर ने इसे नो-बॉल करार दिया और अगली गेंद फ्री-हिट मिली। सैमसन ने मौके को भुनाते हुए मिडविकेट पर एक और छक्का जड़ दिया। इस तरह एक गेंद से कुल 13 रन बने और स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

## सिंधु की पहले दौर में संघर्षपूर्ण जीत



**पेरिस।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में खराब शुरुआत से उबरते हुए बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को सीधे गेम में हराया। विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरुआत में थोड़ी असहज नजर आई लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारियाई खिलाड़ी को 23-21, 21-6 से हराया। भारत की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कुछ गलतियां की जिसके कारण एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी।

# इंटर स्कूल रोल बॉल स्केटिंग टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

## ज्ञान गंगा ऑर्चिड द इंटरनेशनल स्कूल बनी रनर-अप, रेयान इंटरनेशनल ओवरऑल चैंपियन




**जबलपुर।** रेयान इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल रोल बॉल स्केटिंग टूर्नामेंट में कुल 143 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें जबलपुर के प्रमुख विद्यालय जैसे रेयान इंटरनेशनल, बिलाबॉन्ग, एमएम इंटरनेशनल, डीपीएस मंडला रोड, सेंट जेवियर, लिटिल वर्ड और अशोक हॉल शामिल रहे।

प्रतियोगिता की शुरुआत से ही मेजबान रेयान और पहली बार भाग ले रही ज्ञान गंगा ऑर्चिड द इंटरनेशनल स्कूल, भेड़ाघाट के खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। रेयान इंटरनेशनल ने जहां ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, वहीं ज्ञान गंगा ऑर्चिड द इंटरनेशनल स्कूल ने कोच रवीना पटेल के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल रनर-अप की ट्रॉफी जीती। अंडर-11 बॉयज कैटेगरी में रीयांश कुकरैले ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट प्लेयर' का खिताब हासिल किया। ज्ञान गंगा स्कूल की टीम ने अंडर-11, 14 और 17 की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।प्रतिभागी खिलाड़ियों की सूचीः अंडर-11 बॉयजः रीयांश कुकरैले, प्रतीक, रियान्श चौधरी, ओम पटेल, सूर्यान्श पटेल, आर्यान्श मांझी, शोमिल जैन, निर्भय तिवारी। बालिकाएंः सार्थिका वैष्णव, दिवजोत बानी असी, मिष्टी बानी दुबे, सौम्या पटेल, भाव्या पारिधि, अदिति लोधी, नम्रता पाठक, सृष्टि साहू।अंडर-14 बॉयजः लवीश परिक, रुपेन्द्र सिंह, विवान ठाकुर, सामर्थ वैष्णव, अंश राजपूत, मोहित सिंह ठाकुरबालिकाएंः कृशिका सिंह। अंडर-17 बॉयजः आराध्य साहू, आशीर्वन शर्मा, यथार्थ राय, कान्हा राय, उत्कर्ष त्रिपाठी, दत्तात्रेय महोबिया।प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी योगेंद्र साहू, द्रव सिंह, आँखें बंसरी और भूमिका बंसल रहे। पुरस्कार वितरण के दौरान विलियम डीज, हॉकी कोच नूर मोहम्मद, स्कीपिंग सेक्रेटरी सारिका खान, प्रशांत पारुल एवं जबलपुर रोल बॉल एसोसिएशन के सचिव ऋषभ यादव द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## समय सीमा निकल जाने के बाद लेनी होगी एसीसी से परमिशन

# एशिया कप की टीमें 30 तक बदल सकती हैं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। यह टूर्नामेंट इस बार 9 सितंबर से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी और दुबई में खेला जाएगा। खास बात यह है कि इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा, जो कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले सभी टीमों के लिए एक बेहतरीन तैयारी का मौका होगा।

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। खास बात यह है कि एसीसी ने भाग ले रहीं टीमों को 30 अगस्त तक छूट दी है कि वे अपने स्क्वाड में बिना अनुमति के बदलाव कर सकती हैं। समय सीमा बीत जाने के बाद टीमों में बदलाव के लिए एसीसी से अनुमति लेनी होगी। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान का पहला मुकाबला 14 सितंबर को होगा।




### स्क्वॉड में बदलाव के लिए तारीख घोषित

टूर्नामेंट से पहले सभी टीमें अपने-अपने स्क्वॉड की घोषणा कर चुकी हैं। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग और ओमान ने अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। श्रीलंका और यूएई ने अब तक अपनी टीम नहीं बताई है।

एशियाई क्रिकेट परिषद की गाइडलाइंस के अनुसार, 30 अगस्त तक टीमें बिना किसी अनुमति के अपने स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं। ये बदलाव किसी चोटिल खिलाड़ी की जगह भी हो सकते हैं या बिना किसी विशेष कारण के भी।

### तारीख निकलने के बाद लेनी होगी एसीसी की अनुमति

अगर 30 अगस्त के बाद एशिया कप के लिए किसी टीम को अपने स्क्वॉड में बदलाव करना है, तो उन्हें एसीसी से विशेष अनुमति लेनी होगी। इसका मतलब है कि सभी टीमें 30 अगस्त की डेडलाइन से पहले अपनी योजनाएं अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं।

### भारत-पाक की भिड़ंत का इंतजार

एशिया कप का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा, जब भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें पहले लीग चरण में भिड़ेंगी, लेकिन यही मुकाबला सुपर-4 में दोबारा हो सकता है। अगर दोनों टीमें फाइनल तक का सफर तय करती हैं, तो तीसरी बार भी इनका आमना-सामना होगा। यानी फैंस को इस बार भारत-पाकिस्तान की टक्कर तीन बार देखने को मिल सकती है।

## हाईकोर्ट ने 60 दिन के भीतर पदोन्नति प्रदान करने के दिए निर्देश

# अशासकीय संस्थाओं में प्रोफेसर की नई नियुक्ति पर प्रतिबंध है, पदोन्नति पर नहीं

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि अशासकीय अनुदान प्राप्त संस्थाओं में प्रोफेसर की नई नियुक्ति पर प्रतिबंध है, पदोन्नति पर नहीं। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ राज्य शासन को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति का लाभ प्रदान करें। कोर्ट ने यह कार्रवाई 60 दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए ।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पिछले 25 सालों से अनुदान प्राप्त अशासकीय जीएस कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। याचिकाकर्ता को सीनियर स्केल भी प्राप्त हो गया है, लेकिन प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है। इस कारण वे यूजीसी वेतनमान के तहत एजीपी पाने से वंचित हो रहे हैं। इसके अलावा उनका प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य बनने का अवसर भी समाप्त हो जाएगा। वहीं राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि पूर्व में जारी परिपत्र के अनुसार सरकार अशासकीय अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त स्थानों को नहीं भरेगी। इसी कारण याचिकाकर्ता का दावा निरस्त कर दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पाया कि उक्त नियम पदोन्नति के लिए नहीं, नई नियुक्तियों के संबंध में है। इसके अलावा पूर्व में भी शासन ने असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति दी है।



### सेवानिवृत्ति के 29 वर्ष बाद की गई रिकवरी पर रोक

मप्र हाईकोर्ट ने 29 वर्ष बाद पेंशनर से की गई रिकवरी पर रोक लगा दी। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही वित्त विभाग के सचिव व जिला कोषालय अधिकारी, शहडोल सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। अगली सुनवाई 17 सितंबर को नियत की गई।याचिकाकर्ता शहडोल निवासी 87 वर्षीय एमपी अवस्थी की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 30 जून, 1996 को वन विभाग से लेखापाल के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। तभी से निरंतर पेंशन प्राप्त कर रहे थे। जून, 2024 में अचानक छह हजार 949 रुपये की प्रतिमाह कटौती की जाने लगी। पूछने पर बताया गया कि ओवर पेमेंट हो गया है। इस रवैये के विरुद्ध अभ्यावेदन देने पर कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए हाईकोर्ट आना पड़ा। एक सीनियर सिटीजन को इस तरह मनमानी कटौती के जरिए परेशान करना उचित नहीं है। सेवानिवृत्ति के 29 वर्ष बाद दो लाख 14 हजार 973 रुपये की रिकवरी निकालना सर्वथा अनुचित है। चूंकि ऐसा बिना सूचना दिए किया गया, अतः चुनौती विचारणीय है।

### कोटितीर्थ घाट व कपिलधारा निविदा मामले में याचिका निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अमरकंटक के कोटितीर्थ घाट व कपिलधारा पार्किंग की निविदा मामले में दायर याचिका निरस्त कर दी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि अनुमानित कीमत से कम बोली लगाए जाने के आधार पर निविदा निरस्त करने का आदेश उचित था। नगर पालिका अमरकंटक द्वारा कोटि तीर्थ घाट व कपिलधारा सहित अन्य दो स्थानों के लिए वाहन पार्किंग के संबंध में निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा में राजपूत ट्रेडर्स द्वारा बोली लगाई गई थी। उनकी ओर से दायर याचिका में कहा गया कि उनकी बोली स्वीकृत कर ली गई थी। इसके बावजूद उन्हें वर्क आर्डर नहीं जारी किया गया।अनावेदक नगर पालिका अमरकंटक की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा ने पक्ष रखा। राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली खड़े हुए। कोर्ट को अवगत कराया गया कि दरअसल, निविदा की जो अनुमानित लागत थी वह लगभग तीन करोड़ 26 लाख थी। जबकि याचिकाकर्ता के द्वारा मात्र 99 लाख व एक करोड़ रुपये की बोली लगाई गई। उनकी बोली न्यूनतम थी। इसलिए उनकी निविदा स्वीकार नहीं की गई। उसे प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा निरस्त कर दिया गया। प्रकरण की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता ने निर्धारित अनुमानित कीमत से कम बोली लगाई थी। इसलिए उनकी निविदा निरस्त कर दी गई।

### हाईकोर्ट ने डीईओ सहित अन्य को हाजिर होने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अवमानना मामले में जिला शिक्षा अधिकारी, पन्ना व संकुल प्राचार्य सहित अन्य को हाजिर होने के निर्देश दिए। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई आठ सितंबर को नियत की ।अवमानना याचिकाकर्ता पन्ना निवासी मूरत सिंह की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता की 28 दिसंबर, 1981 को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति हुई थी। 30 मई, 1997 को उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर और 29 मार्च, 2003 को प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति हुई। 31 मई, 2022 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रैपुरा से सेवानिवृत्त हुआ। 14 नवंबर, 2022 को अभ्यावेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अर्जित अवकाश जो सेवा पुस्तिका में 504 दिन दर्ज है, का भुगतान किया जाए। 16 नवंबर, 2022 को दूसरा अभ्यावेदन दिया। लेकिन अभ्यावेदन का निराकरण नहीं किया गया। लिहाजा, हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने 90 दिन के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाए गए हाथी की मौत पर सरकार को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

## कान्हा में रखे गए जंगली हाथी को 15 दिन में छोड़ दिया जाएगा

जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट को मंगलवार को एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन ने अवगत कराया कि कान्हा में रखे गए जंगली हाथी को 15 दिन में छोड़ दिया जाएगा। हाथी को पहनाने के लिए विदेश से कालर आइडी मंगवाई गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने उक्त जानकारी को रिकार्ड पर ले लिया। साथ ही शहडोल से पकड़कर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाए गए हाथी की मौत को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन को फटकार लगाई। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जंगली हाथियों को पकड़ने की प्रक्रिया में वाइल्ड लाइफ एक्ट का पालन किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को नियत की गई।

**हाईकोर्ट में एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन ने पेश की जानकारी**

दरअसल, रायपुर निवासी नितिन सिंघवी द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जंगली हाथियों को पकड़ने का कदम अंतिम उपाय के रूप में होना चाहिए। लेकिन मध्य प्रदेश में इसे पहले विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से जंगली हाथियों के झुंड मध्य प्रदेश के जंगलों में प्रवेश करते हैं। जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं और घरों में तोड़फोड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुछ मामलों में जंगली हाथियों द्वारा किए गए हमलों में लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

जंगली हाथियों को प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर फारेस्ट (पीसीसीएफ) वाइल्डलाइफ के आदेश पर ही पकड़ा जा सकता है। जंगली हाथी संरक्षित वन्य प्राणियों की प्रथम सूची में आते हैं। पकड़े जाने के बाद उन्हें टाइगर रिजर्व में भेजकर प्रशिक्षण दिया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान हाथियों को यातनाओं का सामना करना पड़ता है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया था कि पिछले 30 वर्षों में पकड़े गए हाथियों का पूरा विवरण पेश किया जाए। सरकार की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया था कि वर्ष 2017 से अब तक 10 जंगली हाथियों को पकड़ा गया है। जिसमें से दो हाथियों को विदेश से मंगवाई गई कालर आईडी पहनाकर छोड दिया गया है।

पूर्व में याचिकाकर्ता की ओर से प्रदेश में एक भी हाथियों को कंट्रोल करने के लिए एक्सपर्ट का मामला भी उठाया गया था। सरकार की तरफ से बताया गया था कि छह सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी के सेंटर आफ एलिफेंट स्टेडी कालेज आफ वेटनरी एनिमल साइंस के प्रोफेसर राजीव टीएस को शामिल किया गया है।



# बरगी बांध के 9 गेट खोले गए

## कुल क्षमता से अधिक भरा बांध, नर्मदा में उफान

जबलपुर।

रानी अवंति बाई सागर लोधी परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने मंगलवार की सुबह 11 बजे 9 गेट को 0.78 मीटर की औसत ऊंचाई तक खोला गया, इससे नर्मदा के जलस्तर में 5 से 6 फुट की वृद्धि हुई। बरगी बांध अपनी कुल भराव क्षमता 422.76 मीटर से अधिक भर गया था। पहले सोमवार को शाम को गेट खोले जाने से लेकिन नर्मदा के घाटो में व्हीआईपी मूवमेंट होने के कारण इसे टाल दिया और मंगलवार को बांध के 9 गेट खोले गए। सहायक यंत्री, बाढ़ नियंत्रण, बरगी बांध के अनुसार मंगलवार की सुबह 6 बजे बांध का जल स्तर 422.95 मीटर आंका गया। वर्तमान में बांध की जल उपयोगी क्षमता 3205.50 क्यूमेक (100.80 प्रतिशत) है। वर्तमान में बांध में पानी की आवक 1885 क्यूमेक है। मंगलवार को सुबह 11 बजे बांध के 9 जल द्वार 0.78 मीटर औसत ऊँचाई तक खोल कर 1287 क्यूमेक जल की निकासी की जा रही है। इससे माँ नर्मदा के घाटों पर 4 से 5 फुट पानी की वृद्धि हो गई। बांध में पानी की आवक के अनुसार जल की निकासी को घटाया अथवा बढ़ाया जा सकेगा। बांध प्रशासन ने निचले क्षेत्र के रहवासियों से माँ नर्मदा के घाटों से दूरी बनाए रखने का अनुरोध किया है।

# गाड़ी हटाने के विवाद पर जूडॉ पर चाकू से हमला


**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मेडिकल अस्पताल के सामने चाय पीने गए एक जूनयिर डॉक्टर व उनसे मिलने आए सतना में नाक कान गला विभाग में पदस्थ रेसिडेंट डाक्टर के ऊपर गाड़ी हटाने की बात के विवाद पर बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इस हमलें में घायलों को इलाज के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**अज्ञात बदमाशों ने मेडीकल के सामने की वारदात**

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडीकल अस्पताल में इंटरशिप कर रहे शास्त्रीनगर निवासी 24 वर्षीय विष्णु सुथार से मिलने उसके सीनियर डॉक्टर सतना से रोहित सोलंकी मेडीकल अस्पताल में आये थे। गत रात लगभग 11.50 बजे विष्णु अपने साथी जूनियर डॉक्टर अंकित रघुवंशी के साथ मोटर सायकल में मेडिकल अस्पताल के सामने मनोहर चाय दुकान में चाय पीने गया था जहां पर वह अपने सीनियर डॉक्टर रोहित सोलंकी से मिलने जा रहा था, तभी वहां खड़े अज्ञात लड़कों में से एक लड़का जो सफेद शर्ट और काली टोपी पहना था उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसे गाड़ी हटाने के लिये कहने लगा, उसने एवं उसके सीनियर डॉक्टर रोहित ने गालियां देने से मना किया तो चारों अज्ञात लड़कों ने मारपीट कर चाकू से विष्णु और रोहित पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अटल कार्यकर्ता अलंकरण एवं रजत पत्र सम्मान समारोह 28 को सिंगरौली में

**जबलपुर/सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य धीरज पटेरिया के नेतृत्व में अटल कार्यकर्ता अलंकरण एवं रजत पत्र सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 28 अगस्त को सिंगरौली



जिले में किया जाएगा। यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। समारोह की शुरुआत स्थानीय भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायकगण, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में की जाएगी। इस आयोजन में समर्पित अटल कार्यकर्ताओं को उनके निज निवास पर जाकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से सम्मान देने की परंपरा को बल मिलेगा। इस विशेष अवसर पर संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और सेवा भावना को रेखांकित करते हुए उन्हें रजत पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से अधिवक्ता अरुण द्विवेदी ने बताया कि यह समारोह अटल स्मृति समिति मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों को जीवंत रखने हेतु निरंतर कार्यरत है।

# देशी कट्टा और कारतूस के साथ पकड़ाया आरोपी

**जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने पाटन बायपास से नीलकमल ढाबा की ओर से कटंगी बायपास में सर्विस सेंटर के पास देशी कट्टा लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा और दो कारतूस जब्त की है। माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पाटन वायपास से नीलकमल ढाबा की ओर से कटंगी वायपास सर्विस रोड़ वाले रास्ते सीएट राजू टायर सर्विस सेंटर के पास माढ़ोताल में कट्टा लेकर खड़े ग्राम आगासोद पाटन निवासी 23 वर्षीय अमन दाहिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 देशी कट्टा तथा पेंट के जेब में 2 कारतूस जब्त किए है। पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मामला जांच में लिया है।




## एक परिवार की खातिर सिस्टम ठप्प, एमडी के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना

# एसई की 'स्टार सिटी मेहरबानी' अभियंता परेशान, आदेश बेअसर

हरिभूमि, जबलपुर।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में इन दिनों सिटी एसई संजय अरोरा की मनमानी का मामला सुर्खियों में है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अरोरा ने शहर की स्टार सिटी कॉलोनी के एक परिवार पर इस कदर मेहरबानी दिखाई है कि अब उसका खामियाजा कार्यपालन अभियंताओं (ईई) से लेकर जूनियर इंजीनियरों (जेई) तक को भुगतना पड़ रहा है। आरोप है कि उक्त परिवार की हर छोटी-बड़ी जरूरत पूरी करने का जिम्मा सीधे-सीधे विभागीय अभियंताओं पर थोप दिया गया है। चाहे व्यक्तिगत खर्च उठाना पड़े या निजी स्तर पर सहयोग देना अभियंताओं को मन मारकर अपनी जेब तक ढीली करनी पड़ रही है। सवाल यह है कि जब बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है तो एसई अरोरा की प्राथमिकता एक आम परिवार क्यों बन गया है?

### एमडी आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां

कंपनी के एमडी अनय द्विवेदी पहले ही स्पष्ट आदेश दे चुके हैं कि इस परिवार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को मदद करना या उसके साथ अनुचित संबंध रखना गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा। इसके बावजूद एसई संजय अरोरा ने एमडी के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अपनी विशेष मेहरबानी जारी रखी हुई है। सूत्र बताते हैं कि एसई अरोरा के इस रवैये से पूरे अभियंता वर्ग में गुस्सा और असंतोष है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी की मनमानी के सामने कोई खुलकर बोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहा।



### अभियंताओं का शोषण, जनता पिस रही

जहां एक ओर विभागीय अभियंता शहर की जनता को सुचारु बिजली आपूर्ति देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें 'स्टार सिटी परिवार' की निजी जरूरतों के बोझ तले भी दबाया जा रहा है। नतीजा यह है कि फाल्ट सुधार और लाइन मरम्मत में देरी हो रही है, जिसका खामियाजा सीधा-सीधा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। जनता यह सवाल पूछ रही है कि अगर अभियंता जनता की जगह खासम खास की चमचागिरी में उलझे रहेंगे, तो बिजली व्यवस्था कौन सुधारेगा?

### अब चुप्पी क्यों?

यह कोई छुपा राज़ नहीं कि एमडी के आदेशों को धता बताकर एसई अरोरा खुलेआम अपनी मनमानी कर रहे हैं। सवाल उठता है कि ऊर्जा विभाग और सरकार चुप क्यों है? क्या अधिकारियों की निजी सिफारिशें और 'मेहरबानियां' जनता की बत्ती गुल करने का नया नियम बन चुकी हैं?

### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

अभी आपसे उक्त जानकारी मिली हैं। अगर ऐसा हो रहा हैं तो इस संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**-केएल वर्मा,**
**चीफ इंजीनियर**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240